CMYK



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हरियाणा के अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से राफेल फाइटर जेट में उड़ान भरेंगी


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति




भूकंप के झटकों से दहला तुर्किये, 6.1 रही तीव्रता; कई इमारतें हुईं जमींदोज

RNI Regn. No.7789/1964 वर्ष-61 > अंक - 299 रायपुर बुधवार 29 अक्टूबर 2025 विक्रम संवत 2082 पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25






## डबल वोटर ID कार्ड मामले में फंसे प्रशांत किशोर, चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस, 3 दिन में मांगा जवाब

**एजेंसी।** प्रशांत किशोर का नाम पश्चिम बंगाल और बिहार की मतदाता सूची में है। चुनावी रणनीतिकार से राजनेता बने किशोर, जिनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ रही है, का पता कोलकाता के 121 कालीघाट रोड पर दर्ज है, जो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस कार्यालय का पता है। ईसीआई ने मंगलवार को जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर को बिहार और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों में कथित तौर पर मतदाता के रूप में नामांकित होने के लिए नोटिस जारी किया।



## नागरिक विमान बनाने की ओर कदम बढ़ाएंगे भारत और रूस



नईदिल्ली एजेंसी।

भारत और रूस मिलकर अब नागरिक विमान बनाने की ओर कदम बढ़ाएंगे। मंगलवार को इसकी शुरूआत हो गई है। मास्को में सरकारी स्वामित्व वाली एयरोस्पेस दिग्गज हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (यूएसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

## केन्द्रीय मंत्रीमंडल की बैठक में किसानों से लेकर कर्मचारियों के हित में अहम फैसले

# मोदी कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग को दी मंजूरी

### कैबिनेट ने रबी सीजन 2025-26 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी दी

नई दिल्ली,एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज मंगलवार 28 अक्टूबर को 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के अगले चरण को मंजूरी दे दी. सरकार के इस फैसले से लाखों सरकारी कर्मचारियों को फायदा होगा. मंत्रिमंडल ने 8वें वेतन आयोग के लिए संदर्भ शर्तों (टीओआर) को भी मंजूरी दे दी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज रबी सीजन 2025-26 (01.10.2025 से 31.03.2026 तक) के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक (पीएंडके) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरें तय करने के उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। रबी सीजन 2025-26 के लिए अनुमानित बजटीय आवश्यकता लगभग 37,952.29 करोड़ रुपए होगी। यह खरीफ सीजन 2025 की बजटीय आवश्यकता से लगभग 736 करोड़ रुपए अधिक है। डाई अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) और एनपीकेएस (नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर) ग्रेड सहित पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी रबी 2025-26 सीजन (01.10.2025 से 31.03.2026 तक लागू) के लिए अनुमोदित दरों के आधार पर प्रदान की जाएगी ताकि किसानों को सस्ती कीमतों पर इन उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। **फायदे :** किसानों को सब्सिडीयुक्त, किफायती और उचित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। उर्वरकों और आदानों की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में हाल के रुझान को देखते हुए पी एंड के उर्वरकों पर सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाया गया।



**50 लाख कर्मचारियों को मिलेगा फायदा -** प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग की कार्य-अवधि को मंजूरी दे दी है. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 8वें केंद्रीय वेतन आयोग की संरचना, कार्य-अवधि और समय-सीमा को प्रधानमंत्री द्वारा मंजूरी दे दी गई है. यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय है. आयोग की सिफारिशें रक्षा सेवा कर्मियों सहित लगभग 50 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और लगभग 69 लाख पेंशनभोगियों को कवर करेंगी.

## दिल्ली : पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाला अरेस्ट, नकली पासपोर्ट भी मिले

एजेंसी।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आदिल नाम के एक जासूस को पकड़ा है। वह पाकिस्तान जा चुका है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और सेंट्रल एजेंसी उससे पूछताछ में जुटी हैं। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने एक बड़े जासूसी नेटवर्क का खुलासा करते हुए पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में आदिल को गिरफ्तार किया। आदिल नकली पासपोर्ट बनाने के रैकेट से जुड़ा था। वह काफी सालों से दिल्ली में रह रहा था। उसके पास से नकली पासपोर्ट मिले हैं। वह पाकिस्तान और कई देशों की यात्रा कर चुका है।

**आदिल का भाई भी गिरफ्तार** - स्पेशल सेल के सूत्रों के मुताबिक मुंबई पुलिस ने आदिल के भाई अख्तर को भी गिरफ्तार किया है। अख्तर कई बार गल्फ कंट्री में जा चुका है और एक गोपनीय सेंटर के 3 आईडी कार्ड भी बनवा चुका है। दोनों भाइयों के अलावा कुछ लोग इस मामले में फरार भी हैं। आदिल का भाई भी फर्जी दस्तावेज के सहारे गल्फ देशों में जा चुका है। जांच टीमें पता लगा रही हैं कि ये कितने लोगों के फर्जी पासपोर्ट बना चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक आदिल हुसैनी के कुछ फॉरेन बेस्ड न्यूक्लियर साइंटिस्ट से भी संपर्क में होने की बात सामने आई है।

## अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य पूरा, ट्रस्ट ने बताया

अयोध्या,एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीरथ क्षेत्र के सचिव चंपत राय ने दी है। उन्होंने मंगलवार को बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं से जुड़े सभी कार्य पूरे हो चुके हैं। अब केवल वही कार्य चल रहा है, जिसका सीधा सरोकार श्रद्धालुओं से नहीं है। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में 10 एकड़ का पंचवटी भी बनाया जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य तेजी से जारी है।

ट्रस्ट सचिव राय ने बताया कि नागरशैली में बने राम मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है। भूतल पर रामलला और पहली मंजिल पर राम परिवार विराजित है। मंदिर के चारों ओर 800 मीटर लंबा आयताकार परकोटा बन चुका है। इसके कोनों पर शिव, गणेश, सूर्यदेव, देवी भगवती विराजमान हैं। दक्षिण में हनुमान और उत्तर में देवी अन्नपूर्णा मंदिर है। सभी पर ध्वजदंड लग चुके हैं। दक्षिणी-पश्चिमी कोने पर लक्ष्मण जी का शेषावतार मंदिर तैयार है।



राय ने बताया कि सप्त मंडप में महर्षि वाल्मीकि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य का मंदिर तैयार है। निषादराज, शबरी एवं ऋषि पत्नी अहिल्या मंदिर भी बन चुका है। संत तुलसीदास का मंदिर बन चुका है। कुबेर टीला पर जटायु और अंगद टीला पर गिलहरी की प्रतिमाएं हैं। साथ ही भक्तों के लिए शौचालय परिसर का निर्माण हो चुका है। उन्होंने बताया कि तीर्थ यात्रियों की सुगमता के लिए आवश्यक सभी चीजों का निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में सड़कें और पत्थर लगाने कार्य, भूमि सौन्दर्य, हरियाली और लैंड स्केपिंग कार्य सहित 10 एकड़ में पंचवटी निर्माण का काम तेजी से हो रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ ऐसे भवन हैं, जिनका सीधा संबंध श्रद्धालुओं से नहीं है, जिसमें सभागार, ट्रस्ट ऑफिस, अतिथि गृह, दिशाओं के गेट और 3.5 किलोमीटर लम्बी चारदीवारी का निर्माण कार्य चल रहा है। अभी 3 गेट बन चुके हैं। बाकी काम जल्द पूरा होगा।

## सिद्धारमैया सरकार को झटका आरएसएस कार्यक्रमों पर प्रतिबंध का आदेश रद्द

**बेंगलुरु,एजेंसी।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस सरकार को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने निजी संगठनों की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने के सरकारी आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। यह आदेश न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिया है। साथ ही राज्य सरकार, गृह विभाग और हुबली पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किया है। कोर्ट मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर को करेगा। यह आदेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ बताया जा रहा था। पुनश्चैतन्य सेवा संस्था ने सरकार के आदेश के खिलाफ याचिका दायर कर कोर्ट में तर्क दिया कि सरकार का कदम निजी संगठनों के वैध गतिविधियों के संचालन के अधिकारों का उल्लंघन करता है।

## ट्रंप बोले- पुतिन मिसाइल टेस्टिंग छोड़ें, यूक्रेन युद्ध खत्म करें, हमारी न्यूक्लियर सबमरीन रूस से ज्यादा दूर नहीं

**वॉशिंगटन ,एजेंसी ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को तीखा संदेश देते हुए कहा है कि उन्हें परमाणु मिसाइलों के परीक्षण पर ध्यान देने के बजाय यूक्रेन युद्ध खत्म करना चाहिए। ट्रंप ने कहा, जो युद्ध सिर्फ एक हफ्ते में खत्म हो जाना चाहिए था, उसे अब चार साल हो चुके हैं।

उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने रूस के समुद्री तट के पास अपनी परमाणु-संचालित सबमरीन तैनात कर रखी है। हम जानते हैं कि हमारी सबमरीन दुनिया की सबसे बेहतरीन हैं। उन्हें 8,000 मील (करीब 12,874 किमी) चलने की भी जरूरत नहीं होगी,



**ट्रंप ने चेतावनी भरे लहजे में कहा** रूस ने दिखाई ताकत - परमाणु-संचालित मिसाइल का सफल परीक्षण, दरअसल, पुतिन ने रविवार को घोषणा की थी कि रूस ने अपनी नई परमाणु-संचालित क्रूज मिसाइल ब्यूरेवेस्निक का सफल परीक्षण किया है। रूसी रक्षा अधिकारियों के अनुसार, यह मिसाइल अनलिमिटेड रेंज रखती है और जल्द ही इसे सक्रिय सेवा में शामिल किया जाएगा।

आपदा | खतरनाक होता जा रहा चक्रवात मोंथा, 9 राज्यों में दिखेगा असर

## चक्रवात मोंथा में आई तेजी, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश

### आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में चक्रवात मोंथा का असर, सड़कें क्षतिग्रस्त; 10,000 लोगों को निकाला गया

### चक्रवात के चलते उड़ानें प्रभावित, 42 ट्रेनें रद्द और स्कूलों में छुट्टी

### चक्रवात मोंथा को लेकर चेन्नई में 215 राहत केंद्र और चिकित्सा शिविर स्थापित, फील्ड टीमें हाई अलर्ट पर

**चेन्नई एजेंसी।** तमिलनाडु में पूर्वोत्तर मानसून के तेज होने के साथ ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन (जीसीसी) ने बारिश से जुड़ी चुनौतियों और बीमारियों के प्रकोप को रोकने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं।



निचले और जल्दी बाढ़ की चपेट में आने वाले इलाकों के निवासियों को तत्काल सहायता देने के लिए शहर में अब तक 215 राहत केंद्र स्थापित किए गए हैं।

प्रत्येक केंद्र में भोजन, स्वच्छता और स्वच्छ पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। भोजन आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 106 केंद्रीय रसोई का नेटवर्क तैयार किया गया है।

इनके माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों के चार लाख से अधिक निवासियों को दिन में तीन बार भोजन वितरित किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए 574 विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 408 सामान्य स्वास्थ्य शिविर और 116 मोबाइल शिविर शामिल हैं। इनसे 24,146 लाभार्थी प्रभावित हुए।

शिविरों में बुखार जांच, वेक्टर नियंत्रण जागरूकता और मानसून से जुड़ी बीमारियों के उपचार पर फोकस है। बुनियादी ढांचे की तैयारी में जलमग्न क्षेत्रों से पानी निकालने के लिए 2,000 से अधिक मोटर पंप विभिन्न क्षमताओं के तैयार हैं।


## यूएस में शटडाउन का असर, 4,000 से ज़्यादा उड़ानें प्रभावित, 118 रद्द

एजेंसी

वॉशिंगटन ,अमेरिका में सोमवार को 4,000 से ज़्यादा उड़ानें देरी से शुरू हुई और करीब 118 उड़ानें रद्द कर दी गईं। यह स्थिति पिछले 27 दिनों से चल रहे शटडाउन के कारण पैदा हुई है, जिससे हवाई यात्रा प्रभावित हो रही है। यह देरी देशभर के हवाई अड्डों और हवाई यातायात नियंत्रण टावरों में कर्मचारियों की कमी की वजह से हो रही है।

फ्लाइटअवेयर के अनुसार, 8,700 से ज्यादा उड़ानें देरी से चलीं, क्योंकि कर्मचारियों की कमी लगातार बढ़ रही है। लगभग 13,000 हवाई यातायात नियंत्रक और 50,000 परिवहन सुरक्षा अधिकारी बिना वेतन के काम कर रहे हैं, जिससे हवाई सेवाओं पर भारी दबाव पड़ा है। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि स्टाफ की कमी के कारण दक्षिण-पूर्वी इलाकों और न्यू जर्सी के नेवार्क लिबर्टी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानें प्रभावित हो रही हैं।



लॉस एंजिल्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एफएए ने जमीनी विलंब लागू किया, जिसके कारण उड़ानें औसतन 25 मिनट तक रुकी रहीं। परिवहन विभाग के सचिव सीन डफी ने बताया, कर्मचारियों को गुरुवार और शुक्रवार को नोटिस मिला था। उन्हें यह भी बताया गया कि मंगलवार को मिलने वाला उनका वेतन नहीं दिया जाएगा। डफी ने हवाई यातायात नियंत्रकों को हो रहे तनाव के बारे में बताया। उन्होंने आगे कहा, मैंने हवाई यातायात नियंत्रकों से बात की है और उनके चेहरे पर तनाव साफ दिखता है। ये वे लोग हैं जो महीने-महीने की तनख्वाह पर निर्भर रहते हैं। वे कार में ईंधन भराने और बच्चों की देखभाल को लेकर चिंतित हैं। परिवहन विभाग ने चेतावनी दी है कि उड़ानें तो जारी रहेंगी। लेकिन, शटडाउन लंबे समय तक चलने पर देरी और रद्द होने की संभावना बनी रहेगी। एयरलाइनों ने यात्रियों से कहा है कि वे अपनी उड़ानों की स्थिति पहले से जांच लें और हवाई अड्डे पर लंबे इंतज़ार के लिए तैयार रहें। विशेषज्ञों का कहना है कि शटडाउन खत्म होने के बाद भी विलंबित उड़ानों का बैकलॉग खत्म करने में समय लगेगा, क्योंकि कर्मचारियों की कमी और संचालन से जुड़ी दिक्कतें प्रणाली के लिए चुनौती बनी रहेंगी। देश भर के हवाई अड्डों को लगातार व्यवधान का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि संघीय गतिरोध का जल्द कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है।







CMYK

# जशपुर बना छत्तीसगढ़ का रॉक क्लाइम्बिंग हब, देशदेखा ने बढ़ाई रोमांच की ऊँचाइयाँ

जशपुर,।

**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय पर्यटन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जशपुर अब सिर्फअपनी प्राकृतिक सुंदरता और जनजातीय संस्कृति के लिए ही नहीं, बल्कि रोमांचक पर्यटन के लिए भी पहचाना जाने लगा है। जशपुर के देशदेखा क्लाइम्बिंग सेक्टर ने इस दिशा में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। यह स्थान अब उन साहसिक यात्रियों का पसंदीदा गंतव्य बन रहा है जो रॉक क्लाइम्बिंग के साथ प्रकृति की शांति को भी महसूस करना चाहते हैं।**



**संवाददाता।** देशदेखा क्लाइम्बिंग सेक्टर को इस तरह विकसित किया गया है कि यह शुरुआती पर्वतारोहियों से लेकर अनुभवी क्लाइंबर्स तक, सभी के लिए चुनौतीपूर्ण और रोमांचक अनुभव प्रदान करे। यहाँ प्राकृतिक चट्टानों पर विभिन्न प्रकार की क्लाइम्बिंग रूट्स तैयार किए गए हैं, जिनमें क्रैक क्लाइम्ब, स्लैब, वर्टिकल फेस और ओवरहैंग जैसी विविध चुनौतियाँ शामिल हैं। हर चढ़ाई के साथ पर्यटकों को घने जंगलों और जशपुर की हरी-भरी पहाड़ियों का मनमोहक दृश्य देखने को मिलता है, जो अनुभव को और भी यादगार बना देता है। इस क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। प्रशिक्षित गाइड्स और प्रमाणित क्लाइम्बिंग इंस्ट्रक्टर्स की देखरेख में चढ़ाई करवाई जाती है। आधुनिक उपकरण, सेफ्टी रोप्स और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बनाए गए सुरक्षा प्रोटोकॉल यहां की प्रमुख विशेषताएँ हैं। पर्यटकों को एक ऐसा अनुभव देने की कोशिश की गई है जो रोमांचक होने के साथ-साथ सुरक्षित भी हो। देशदेखा क्लाइम्बिंग सेक्टर का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसका विकास स्थानीय समुदायों की भागीदारी से किया गया है। यहाँ के ग्रामीण और जनजातीय लोग इस परियोजना का हिस्सा बने हैं, जिससे उन्हें रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर मिले हैं। यह पहल न केवल एडवेंचर पर्यटन को प्रोत्साहित करती है, बल्कि पर्यावरण और समुदाय-केंद्रित विकास का उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। प्राकृतिक रूप से समृद्ध यह क्षेत्र वन्यजीवों, झरनों और पहाड़ी दृश्यों से घिरा हुआ है। सुबह की धूप में चमकती चट्टानें और शाम के समय सुनहरी घाटियाँ यहाँ आने वाले हर यात्री को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। अक्टूबर से मार्च तक का मौसम रॉक क्लाइम्बिंग के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है।

इस दौरान हवा ठंडी और साफ होती है, जिससे चढ़ाई का अनुभव और भी सुखद हो जाता है। जशपुर प्रशासन और स्थानीय पर्यटन संगठनों की यह संयुक्त पहल न केवल राज्य के एडवेंचर पर्यटन मानचित्र पर जशपुर को विशेष स्थान दिला रही है, बल्कि यह दर्शा रही है कि अगर स्थानीय संसाधनों को संवेदनशीलता और दूरदर्शिता से विकसित किया जाए, तो छोटे-छोटे पहाड़ी इलाकों को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जा सकती है। देशदेखा क्लाइम्बिंग सेक्टर सिर्फ एक एडवेंचर साइट नहीं, बल्कि यह जशपुर के उस आत्मविश्वास का प्रतीक है जो अपनी प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को सम्मान देते हुए आधुनिक पर्यटन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यहाँ आकर पर्यटक न सिर्फ चढ़ाई का आनंद लेते हैं, बल्कि प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व के उस दर्शन को भी महसूस करते हैं, जो जशपुर की मिट्टी में गहराई से बसा है।

# प्रतिबंधित कैप्सूल और इंजेक्शन एम्पुल बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार करने वाले के साथ एक सप्लायर गिरफ्तार

## बस्तर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला बनकर बनाकर भेजा गया जेल

**जगदलपुर,।** बस्तर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य मे प्रतिबंधित नशीली केप्सूल एवं इंजेक्शन एम्पुल बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार करने वाले एक आरोपी सहित एक सप्लायर को बड़ी खेप के गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है।

थाना बोधघाट को, मुखबिर सूचना मिला कि एक व्यक्ति इंडस्ट्रियल एरिया बालाजी फर्नीचर के पास खड़ा होकर प्रतिबंधित नशीली दवाई केप्सूल बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस ने एसपी के दिशानिर्देशन में एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही हेतु टीम तैयार किया गया, उक्त टीम के द्वारा मुखबिर के बताये स्थान में जाकर संदेही की तस्दीक किया गया, संदेही मिलने से नाम पता पूछने पर अपना नाम धरम साहू पिता प्रेमू दास साहू निवासी पनारा पारा जगदलपुर का रहने वाला बताते हुए अपने कब्जे से बिक्री करने के लिए रखे एक प्लास्टिक थैला में प्रतिबंधित नशीली केप्सूल पाईवोन स्पॉस प्लस/ट्रामाडोल कुल 600 नग किमती 4,940/ रूपये को अम्बागुडा जिला कोरापुट में स्थित तूफान मेडिकल के संचालक से खरीद कर लाना बताया जिसे मौके पर समक्ष गवाहों के पूछताछ कर जप्त करने पश्चात उक्त आरोपी के निशानदेही पर सप्लायर शेख मोहम्मद हसन पिता शेख तूफान।

# भाटापारा सब्जी मंडी में भीषण आग, लाखों का नुकसान



**बलौदाबाजार,।** भाटापारा की सब्जी मंडी में सोमवार सुबह अचानक भीषण आग भड़क उठी, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। चंद मिनटों में ही आग ने विकराल रूप ले लिया और मंडी के अधिकांश हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि मंडी में रखे प्लास्टिक के बास्केट और अन्य ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैल गई। घने धुएं के कारण आसपास का इलाका पूरी तरह काले गुबार में घिर गया। सूचना मिलते ही नगरपालिका भाटापारा और जिला मुख्यालय से दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। आग लगने के सटीक कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है, हालांकि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल, नगरपालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

व्यापारियों के अनुसार आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। फिलहाल दमकल विभाग की टीम आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाने के प्रयास में जुटी हुई है, जबकि प्रशासन ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।

# भ्रष्टाचार के आरोप पर श्रम निरीक्षक निलंबित

## शिकायत के आधार पर त्वरित कार्रवाई

**रायपुर, (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग अंतर्गत कार्यालय श्रम पदाधिकारी बलौदाबाजार में कार्यरत श्रम निरीक्षक श्री रामचरन कौशिक को भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। श्रम निरीक्षक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अवैध उगाही के आरोप लगाए गए थे। श्रम आयुक्त, छत्तीसगढ़ द्वारा 24 अक्टूबर को एक जांच समिति गठित की गई। समिति की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में पाया गया कि श्रम निरीक्षक कौशिक द्वारा कार्यक्षेत्र में भ्रमण के दौरान कथित रूप से अवैध वसूली और अनियमितताएँ की गई हैं। इसी के आधार पर उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री कौशिक को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय श्रमायुक्त कार्यालय, नवा रायपुर, अटल नगर निर्धारित किया गया है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और जिला पदाधिकारियों को आदेश की सूचना प्रेषित कर अनुपालन कराने निर्देशित किया गया है। श्रमायुक्त कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी तथा जांच आगे भी जारी रहेगी।

# खैरागढ़ पुलिस ने 50 करोड़ की ऑनलाइन ठगी का पर्दाफाश किया

खैरागढ़, संवाददाता।

इंस्टाग्राम पर साड़ी बेचने के नाम पर हुई मामूली ठगी की शिकायत ने छत्तीसगढ़ पुलिस को 50 करोड़ रुपये के साइबर फ्रॉड के बड़े गिरोह तक पहुंचा दिया। खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय की छात्रा वसुधा सिन्हा ने ऑनलाइन साड़ी खरीदते समय 64 हजार रुपये की ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शुरुआत में यह साधारण ऑनलाइन फ्रॉड का मामला लग रहा था, लेकिन खैरागढ़ साइबर सेल की गहन जांच ने पूरे प्रदेश को चौंका दिया। जांच में पता चला कि यह ठगी मुंबई के डोम्बिवली और कल्याण क्षेत्र में सक्रिय एक संगठित साइबर गैंग द्वारा की जा रही थी। ये आरोपी इंस्टाग्राम पर फर्जी साड़ी सेलिंग पेज बनाकर लोगों से ठगी करते थे और 100 बुक नाम के ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग ऐप के जरिए अवैध धन का लेन-देन भी करते थे। पुलिस को आरोपियों के खातों और मोबाइल नंबरों की जांच में 100 से अधिक फर्जी सिम कार्ड और बैंक खातों का नेटवर्क मिला, जिनसे करीब 50 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ था। गिरोह को पकड़ने के लिए खैरागढ़ पुलिस की टीम ने सात दिनों तक मुंबई में गुप्त रूप से काम किया। खुद को डिलीवरी ब्वॉय बताकर रेकी करने के बाद, पुलिस ने डोम्बिवली के दो फ्लैटों पर एक साथ छापा मारकर आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में गौतम पंजाबी, पवन सुरूसे, विनायक मोरे, अमित मोरे, रामचंद्र चौके, अमोल दिवनाने, अभिषेक डंबडे और मनोज मुखिया शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 5 लैपटॉप, 14 मोबाइल फोन, 51 बैंक पासबुक, 51 एटीएम कार्ड, 15 चेकबुक और 25 सिम कार्ड बरामद किए। राजनांदगांव रेंज के आईजी अभिषेक शांडिल्य ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ संगठित अपराध और जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अब गिरोह के बाकी सदस्यों और उनके नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। खैरागढ़ पुलिस की इस सफलता ने एक बार फिर साबित किया है कि साइबर अपराधी चाहे देश के किसी भी हिस्से में हों, कानून के शिकंजे से बच नहीं सकते।

# मुख्यमंत्री साय के सुशासन में सशक्त हुई महिला आत्मनिर्भरता की मिसाल

## मजदूरी से मशरूम तक और अब सीएससी संचालक –'लखपति दीदी' बनीं सारंगपुरी की मधु कंवर

**धमतरी,** कभी दूसरों के खेतों में मजदूरी करने वाली सारंगपुरी पंचायत की मधु कंवर आज पूरे क्षेत्र में लखपति दीदी के नाम से जानी जाती हैं। मेहनत, संघर्ष और शासन की योजनाओं के सहयोग ने उनके जीवन में नई रोशनी भर दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (हृ्रूरू) से जुड़कर मधु ने अपनी जिंदगी की दिशा ही बदल दी।



### डिजिटल इंडिया की ग्रामीण मिसाल

मधु कंवर आज अपने गांव में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) का संचालन कर रही हैं, जहाँ ग्रामीणों को आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, बिजली बिल भुगतान, आधार कार्ड, श्रम कार्ड और आयुष्मान कार्ड जैसी ई-गवर्नेंस सेवाएं रियायती दरों पर मिल रही हैं।इससे उन्हें प्रतिमाह 10 से 12 हजार रुपये की स्थायी आमदनी हो रही है और आसपास के कई गांवों के लोग अब सरकारी सेवाओं का लाभ गांव में ही पा रहे हैं।

संघर्ष से आत्मनिर्भरता तक

मधु बताती हैं कभी परिवार की हालत इतनी खराब थी कि बच्चों की पढ़ाई तक मुश्किल हो गई थी। लेकिन आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद आत्मविश्वास और दिशा दोनों मिले।

जय माँ कर्मा महिला स्व-सहायता समूह से जुड़कर मधु ने धान खरीदी-बिक्री, मशरूम उत्पादन और छोटे स्वरोजगारों के जरिए अपनी आमदनी बढ़ाई। फिर समूह के माध्यम से लोन लेकर उन्होंने घर में ही कॉमन सर्विस सेंटर शुरू किया, जो आज उनकी पहचान बन गया है।

**महिलाओं के लिए प्रेरणा बनीं मधु**

मधु और उनके समूह की महिलाएं अब मोमबत्ती निर्माण, केक बनाना, मछली पालन, मशरूम उत्पादन और बैंक सखी जैसे कार्यों से भी जुड़ी हैं। इन गतिविधियों से न केवल उनकी आय बढ़ी है, बल्कि आत्मनिर्भरता की भावना भी मजबूत हुई है।

**शासन की योजनाओं से निखर रही हैं ग्रामीण प्रतिभाएं**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मधु कंवर जैसी महिलाएं आज यह साबित कर रही हैं कि अवसर और मार्गदर्शन मिले तो गांव की महिलाएं भी अपने दम पर सफलता की नई कहानियाँ लिख सकती हैं।

# कलेक्टरों की नियुक्ति के लिए सरकार बना रही नये नियम

**o किसी भी जिले में अब कलेक्टर रिपीट नहीं किये जाएंगे**

**o 2019 बैज के आईएएस अधिकारियों को मिलेगा अवसर**

रायपुर, एजेंसी।

छग का सामान्य प्रशासन विभाग अब कलेक्टरों की नियुक्ति के लिए नया नियम बनाने जा रहा है। जिसके अनुसार अब नव नवेले आईएएस अधिकारी को जब नौ साल कार्य करने का अनुभव हो जाएगा तब उसे कलेक्टर का पद दिया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार केंद्र शासन द्वारा डीएम फंड की जवाबदेही कलेक्टर को दिये जाने के बाद पुरानी सरकार ने मनमानी करते हुए प्रमोटी आईएएस को कलेक्टरी प्रदान कर दीथी। जिसके चलते भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया था। सरकार अब इस मामले पर गंभीरतापूर्वक विचार कर रही है। नये नवेले आईएएस अधिकारियों को कलेक्टर बनाने के लिए टाइम थोड़ा बढ़ाया जाएगा। वर्तमान में 2019 बैज के लिए आईएएस कलेक्टर बनना शुरू हो गया है। बाकि राज्यों में यह क्रियेट नौ साल का है। इससे राज्य की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है। तथा कलेक्टरों का परफामेंस गड़बड़ा रहा है।

सरकार दूसरे विकल्प के रूप में इसी आईएएस को एक जिले का कलेक्टर बनाकर ब्रेक देना चाहती है ताकि दूसरे जिले में उसे काम करने का वक्त दिया जाए। राज्य शासन आईएएस अधिकारियों की कार्यक्षमता नया कार्य कर सकते हैं। **पूर्व एसीएस की पोस्टिंग लटकी** - छग राज्य में मुख्य सचिव का कार्यकाल का रिकॉर्ड बनाने वाले अमिताभ जैन की पोस्टिंग रिथायरमेंट में बाद नई पोस्टिंग नहीं होना संस्पेस बना हुआ है। इसके पहले आरपी मंडल को 20 मिनट के अंदर एनआरडीए का चेयरमैन बना दिया गया था जबकि अमिताभ जैन कोरिया और जापान गये हुए थे लेकिन अभी तक उनका कोई आदेश नहीं हुआ है विद्युत नियामक आयोग का अध्यक्ष का पद खाली है लेकिन अभी तक अभी तक इसकी नियुक्ति नहीं हुई है। सूचना आयुक्त का पद भी खाली पड़ा हुआ है। लेकिन अभी तक इस पर भी कोई नियुक्ति नहीं हुई है। अमिताभ जैन ने मुख्य सूचना आयुक्त के लिए इंटरब्यूह दिया था। समझा जाता है कि प्रधानमंत्री की नियुक्ति के बाद नई पोस्टिंग पर नई नियुक्ति की जाएगी।

# कान्यकुब्ज समाज का दीपावली मिलन संपन्न

**राजनांदगांव ।** कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का दीपावली मिलन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में संरक्षक डॉ. अरूण शंकर दीक्षित, प्रकाश चंद्र शुक्ला, अध्यक्ष करूणा शंकर तिवारी एवं उपाध्यक्ष विष्णुदत्त तिवारी ने दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान समाज की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का दीपावली मिलन कार्यक्रम 26 अक्टूबर रविवार को कान्यकुब्ज सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया। दोपहर 11.30 बजे संरक्षक डॉ. अरूण शंकर दीक्षित, प्रकाश चंद्र शुक्ला, डॉ सूर्य प्रकाश द्विवेदी अध्यक्ष करूणा शंकर तिवारी एवं उपाध्यक्ष विष्णुदत्त तिवारी, श्रीमती शशि बाजपेयी, श्रीमती कमला दुबे निर्णायक श्रीमती डॉ. इंदुमति तिवारी एवं श्रीमती डॉ. नीलम तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही श्रीमती अचला अवस्थी, श्रीमती नीना तिवारी एवं श्रीमती शिखा त्रिवेदी ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान किया। इसके पश्चात बच्चों की फैंसी ड्रेस स्पर्धा तथा नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। भोजन अवकाश के बाद महिलाओं की रंगोली प्रतियोगिता, श्रीफल सजाओ प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता तथा बच्चों की क्विज एवं लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में रंगोली एवं श्रीफल सजाओ की निर्णायक डॉ. इंदुमति तिवारी, , फैंसी ड्रेस एवं डॉस की निर्णायक डॉ. नीलम तिवारी, लेखन प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. आलोक मिश्रा रहे। सभी प्रतियोगिताओं में विजेताओं के अतिरिक्त प्रतिभागी पुरस्कार भी प्रदान किये गये। कार्यक्रम के अंत में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पदक प्रमाणपत्र एवं उपहार दिये गये। सुश्री आनंदी अवस्थी को हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में सर्वाधिक अंक अर्जित करने हेतु नीरज बाजपेयी द्वारा प्रदत्त स्व. पं. काशीनाथ बाजपेयी स्मृति कन्या सरस्वती सम्मान श्रीमती पद्मा बाजपई द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. अरूण शंकर दीक्षित जी के कुशल मार्गदर्शन में मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप को सफलता पूर्वक संचालित करने में डा. आशीष त्रिपाठी, प्रशन्न तिवारी, आदित्य बाजपेयी की भूमिका अग्रणी रही। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन श्रीमती स्नेहा तिवारी ने किया। कार्यक्रम को रोचक एवं को सफल बनाने में जिला कार्यकारिणी के सचिव अजय शुक्ला एवम कोषाध्यक्ष अखिलेश तिवारी के मार्गदर्शन में श्रीमती अचला अवस्थी, श्रीमती नीना तिवारी एवं श्रीमती शिखा त्रिवेदी भूपेन्द्र बाजपेयी, शैलेन्द्र बाजपेयी, शैलेष शुक्ला, विवेक शुक्ला, विकास शुक्ला, मोहन मिश्रा ने उल्लेखनीय कार्य किया। चित्रकला प्रदर्शनी में सार्थक शुक्ला, वेद बाजपेयी, अम्युदय तिवारी, समर्थ शुक्ला, लक्ष्य शुक्ला दिव्य तिवारी, सार्थक शुक्ला। श्रीफल सजाओ प्रतियोगिता में श्रुति तिवारी, श्रिया शुक्ला, ऊषा द्विवेदी। रंगोली प्रतियोगिता में चैतन्य द्विवेदी ,श्रीमती शिखा दुबे ,श्रीमती श्रेया शुक्ला ,आरोही वाजपयी, साक्षी शुक्ला, विशाखा शुक्ला। क्विज में वेद वाजपेई, दिव्य तिवारी ,सार्थक शुक्ला ,शिव्या शुक्ला, अभ्युदय तिवारी, आनंदी अवस्थी,आराध्या दुबे, हिती दुबे, अनुष्का बाजपयी, आरोही बाजपेई ,लक्ष्य शुक्ला और तान्या। फैंसी ड्रेस में वैदिक तिवारी, वेद वाजपेई ,दिव्या शुक्ला ,शिव्या शुक्ला, अनिका त्रिवेदी, सक्षम त्रिवेदी, श्रेया मिश्रा ,आर्यस मिश्रा, अदविक मिश्रा ,आद्या मिश्रा ,श्री शुक्ला, शौर्य त्रिवेदी।

# ईडी की विशेष कोर्ट में चैतन्य बघेल की जमानत याचिका खारिज

**रायपुर ।** ईडी विशेष कोर्ट ने चैतन्य बघेल की जमानत याचिका खारिज कर दी है। चैतन्य की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के बाद आज सोमवार के लिए फैसला सुरक्षित रखा गया था। और सुनवाई के बाद कोर्ट ने जमानत याचिका खारीज कर दी। चैतन्य को अभी जेल में ही रहना होगा।



बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग और शराब घोटाला मामले में 18 जुलाई को भिलाई निवास स्थान से गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक चैतन्य बघेल ने 16 करोड़ 70 लाख रुपए की अवैध कमाई को अपने रियल एस्टेट प्रोजेक्ट मे इन्वेस्ट किया। आरोप है कि यह पैसा नगद में ठेकेदारों को भुगतान फर्जी बैंक एंट्री और फ्लैट खरीदी के बहाने से उपयोग किया। वह त्रिलोक सिंह ढिल्लो के साथ मिलकर विठ्ठलपुरम नामक परियोजना में फर्जी फ्लैट खरीद की योजना बनाकर 5 करोड़ हासिल करने के आरोप में भी घिरे हैं। इन फ्लैटों को त्रिलोक सिंह ढिल्लो के कर्मचारियों के नाम पर खरीदा गया था, लेकिन असली लाभार्थी चैतन्य ही थे। जांच में यह भी पाया गया कि चैतन्य ने इस घोटाले से जुड़े 1000 करोड़ से अधिक की अवैध धनराशि को हैंडल किया और इसे अनवर ढेबर और अन्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ कांग्रेस के तत्कालीन कोषाध्यक्ष तक पहुंचाया गया। यह राशि बघेल परिवार के करीबी लोगों द्वारा आगे इन्वेस्ट के लिए प्रयोग की गई।


### चुनाव आयोग के ऐलान के साथ ही प्रदेश में तैयारियां शुरू

# बिहार की तरह छत्तीसगढ़ में होगा एसआईआर




रायपुर. भारत निर्वाचन आयोग ने देशभर में मतदाता सूची पुनरीक्षण यानी एसआईआर का ऐलान कर दिया है। सोमवार शाम को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इसकी घोषणा की। एसआईआर की शुरुआत पहले उन राज्यों से होगी, जहां अगले कुछ समय में चुनाव होने हैं। छत्तीसगढ़ में भी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर 28 अक्टूबर को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रेस कांफ्रेंस लेंगे।प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि बिहार में स्छ्क्रकी तैयारी के आधार पर चयनित राज्यों में स्छ्क्र की शुरुआत की जाएगी। एक पोलिंग बूथ पर 1000 वोटर होंगे। स्छ्क्रका दूसरा चरण 28 अक्टूबर से 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेश में शुरू होगा। इसमें अंडमान निकोबार द्वीपसमूह, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुड्डुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।चुनाव आयोग ने बताया कि इन राज्यों में वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी स्छ्क्र कल यानी 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को खत्म होगा। 103 दिन के प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को बताया कि आज रात से ही इन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट फ्रीज हो जाएगी।भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार 28 अक्टूबर 2025 को दोपहर 12 बजे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, शास्त्री चौक, पुराना मंत्रालय परिसर, रायपुर के सभाकक्ष में प्रेस कांफ्रेंस करेंगे।

## बिहार चुनाव के पहले फेस के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी, छत्तीसगढ़ से भूपेश का नाम शामिल



**रायपुर,** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी ह। लिस्ट में सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी के साथ-साथ मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के नेताओं के नाम भी शामिल हैं। इन स्टार प्रचारकों में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के नेताओं के भी नाम शामिल हैं।

**कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी** कांग्रेस ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है. इस लिस्ट में सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल, अशोक गहलोत, मीरा कुमार, गौरव गोगोई, कन्हैया कुमार, पवन खेड़ा जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं.

**MP-CG के ये नेता शामिल**

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए जारी स्टार प्रचारकों की इस लिस्ट में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के नेताओं के भी नाम शामिल हैं. मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का नाम इस लिस्ट में शामिल हैं। वहीं, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी बिहार चुनाव के लिए स्टार प्रचारक बनाए गए हैं।

**ये हैं स्टार प्रचारकों के नाम**

मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी वाड्रा, सुखविंदर सिंह सुक्खू, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, दिग्विजय सिंह, अधीर रंजन चौधरी, मीरा कुमार, कृष्णा अल्लावरु, सचिन पायलट, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सैयद नासिर हुसैन, चरणजीत सिंह चन्नी, गौरव गोगोई, तारिक अनवर, डॉ. मोहम्मद जावेद, अखिलेश प्रसाद सिंह, मनोज राम, अलका लंबा, कन्हैया कुमार, पवन खेड़ा, इमरान प्रतापगढ़ी, शकील अहमद, जीतू पटवारी, सुखदेव भगत, राजेश कुमार राम, शकील अहमद खान, मदन मोहन झा, अजय राय, जिग्नेश मेवानी, रंजीत रंजन, राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, अनिल जयहिंद, राजेंद्र पाल गौतम, फुरकान अंसारी, भानु चिब और सुबोध कांत सहाय शामिल हैं।

## अवैध कब्जा साफ सफाई सहित अन्य मुद्दों को लेकर विपक्ष घेरेगा महापौर को

### पार्षदों का जवाब देने के लिए महापौर ने एमआईसी प्रमुखों को दिये दिशा निर्देश

**रायपुर,** नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 29 अक्टूबर को तय की गई है। विपक्ष ने महापौर को साफ सफाई स्ट्रीट लाइट तथा अवैध कब्जे को लेकर घेरने की योजना बनाई है। इधर सत्तारूढ़ एवं विपक्ष के दलों ने भी इसके लिए कई प्रश्न लगाये हैं।

सत्तारूढ़ दल ने भी विपक्षी एवं सत्तापक्ष के पार्षदों के जवाब देने के लिए कमर कस ली है। नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे ने महापौर निवास कार्यालय में नगर पालिक निगम रायपुर के सचिवालय द्वारा रायपुर नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के आदेशानुसार 29 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11 बजे नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर स्थित नगर निगम सामान्य सभा सभागार में आहुत रायपुर नगर निगम सामान्य सभा की बैठक के सम्बन्ध में एमआईसी सदस्य सरिता आकाश दुबे, सुमन अशोक पाण्डेय, गायत्री सुनील चंद्राकर, डॉ. अनामिका सिंह, सर्वश्री मनोज वर्मा, अवतार भारती बागल, दीपक जायसवाल, संतोष सीमा साहू, अमर गिदवानी, नंदकिशोर साहू, भोलाराम साहू, खेम कुमार सेन सहित नगर निगम के सम्बंधित अधिकारियों की बैठक लेकर सामान्य सभा की बैठक में चर्चा और विचार - विमर्श हेतु निर्धारित सभी एजेंडों और एक घण्टे के प्रश्नकाल की कार्यवाही हेतु पुख्ता प्रशासनिक तैयारियां तत्काल पूर्ण करवाने के निर्देश दिए हैं. महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम रायपुर के सभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों सहित रायपुर नगर पालिक निगम सत्ता पक्ष के सभी वार्ड पार्षदों को शत - प्रतिशत अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए नगर विकास पर चर्चा और विचार - विमर्श हेतु नगर निगम सामान्य सभा की बैठक में रखे गए नगर विकास से सम्बंधित सभी एजेंड़ों पर नगर हित में खुलकर सकारात्मक चर्चा कर अपने विचार रखने का सुझाव दिया है, ताकि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव के मार्गदर्शन में नगर निगम रायपुर के माध्यम से रायपुर शहर को स्वच्छ, सुन्दर, सुव्यवस्थित स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने तेज गति से प्रगतिरत सभी विकास कार्यों की जानकारी नगर निगम रायपुर की सामान्य सभा की बैठक के माध्यम से आमजनों को सहजता और सरलता के साथ प्राप्त हो।

### राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष राज्योत्सव,

# विभागीय स्टॉलों में प्रदर्शित होगी 25 वर्षों की विकास गाथा : अरुण साव

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर नवा रायपुर में करेंगे रोड शो**

**o बस्तर ओलंपिक के शुभारंभ तिथि में स्थानीय परिस्थितियों के कारण परिवर्तन होगा : उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी**

रायपुर, संवाददाता



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर नवा रायपुर स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में सरकार विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। यह अवसर प्रदेश के गौरव और उपलब्धियों का प्रतीक है।

श्री साव ने कहा कि, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की दूरदृष्टि से बना छत्तीसगढ़ आज विकास, समृद्धि और जनकल्याण के मार्ग पर अग्रसर है। पिछले 25 वर्षों में राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और अधोसंरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। इन्हीं 25 वर्षों की विकास यात्रा और राज्य निर्माण की गाथा को राज्योत्सव स्थल पर विभागीय स्टॉलों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि राजधानी नवा रायपुर में 5 दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन होगा, जबकि सभी जिला मुख्यालयों में 3 दिवसीय राज्योत्सव मनाया जाएगा। इस बार राज्य स्थापना का यह आयोजन अधिक व्यापक और ऐतिहासिक स्वरूप में किया जा रहा है।

श्री साव ने बताया कि रजत जयंती वर्ष के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आगमन की भी तैयारी की जा रही है। प्रधानमंत्री जी के स्वागत में नवा रायपुर में रोड शो आयोजित होगा, इन मार्गों पर 12 आकर्षक स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। इन द्वारों पर छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, लोक परंपरा और विकास योजनाओं की झलक देखने को मिलेगी। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री जी के आगमन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने की पूरी तैयारी कर ली है।

बस्तर ओलंपिक की प्रारंभ तिथि में बदलाव

श्री साव ने बताया कि, बस्तर ओलंपिक के आयोजन की तिथि पूर्व निर्धारित थी, लेकिन इस बीच स्कूलों की छुट्टी चल रही है और सभी जिलों में राज्योत्सव का आयोजन होना है। इन परिस्थितियों के कारण विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाले बस्तर ओलंपिक की प्रारंभ तिथि में बदलाव होगा।

## स्पा सेंटर संचालक से लाखों रुपए की लूट, पुलिस जांच में जुटी



रायपुर, । राजधानी के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में रविवार रात एक वेलनेस स्पा सेंटर के संचालक से 20 से 25 बदमाशों ने सवा लाख रुपए की लूट कर ली। आरोप है कि बदमाश खुद को एक राजनीतिक संगठन से जुड़ा बताकर संचालक से प्रोटेक्शन मनी की मांग कर रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

राजेंद्र नगर स्थित वेलनेस स्पा सेंटर के संचालक सन्नी मनवानी ने शिकायत में बताया कि रात करीब 8 बजे 20-25 युवक स्पा सेंटर में घुस आए। उन्होंने अपने आप को कथित रूप से शिवसेना से जुड़ा बताया और सुरक्षा के नाम पर पैसे देने का दबाव बनाया। इसी दौरान एक युवक ने दराज खोलकर 20 हजार रुपए नकद निकाल लिए। इसके बाद आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने सन्नी को जबरन कार में बैठा लिया, जबकि अन्य बदमाशों ने स्पा के मैनेजर को अंदर ही बंधक बना लिया। सन्नी के मुताबिक, बदमाश उसे शहर के अलग-अलग इलाकों में घुमाते रहे और फिर शैलेंद्र नगर के एक एटीएम से उसके खाते से जबरन 50 हजार रुपए निकलवाए। इसके बाद वे कचना इलाके के एक पेट्रोल पंप पर ले गए और वहां भी उसके कार्ड से 50 हजार रुपए डेबिट कराए। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि एटीएम से एक दिन में 20 हजार की सीमा के बावजूद बदमाशों ने कैसे 50 हजार रुपए निकाल लिए। फिलहाल, पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम बदमाशों की पहचान में जुटी है और मामले की जांच तेज कर दी गई है।

## कोई भी दुविधा होने पर स्पष्ट जानकारी सदन के समक्ष रखना होगा

रायपुर -




आज रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम मुख्यालय में दिनांक 29 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11 बजे नगर निगम के सामान्य सभा कक्ष में आहुत नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक को लेकर निर्धारित एजेंडों और प्रश्नकाल में पार्षदों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के सम्बन्ध में तैयारी को अंतिम रूप देने अधिकारियों की आवश्यक बैठक बुलाई।

महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय, मुख्य अभियंता श्री यू. के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता श्री राजेश राठौर, श्री संजय बागड़े,निगम सचिव श्रीमती संगीता साहू, नगर निवेशक श्री आभाष मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, उपायुक्तगणों,जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, विभागों के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम सामान्य सभा की बैठक के संबंध मे निर्देश दिए। महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने सामान्य सभा की बैठक में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को पूर्ण जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने 29 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे आहूत रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा बैठक को लेकर भाजपा, कांग्रेस, निर्दलीय पार्षदो की बैठक ली



**सभापति ने सामान्य सभा की बैठक सबकी सहमति से व्यवस्थित रूप से करने सभी पार्षदो से सकारात्मक सहयोग देने कहा 0**

**सामान्य सभा में पार्षदो को अपनी बात रखने पर्याप्त अवसर दिया जायेगा - सभापति**

**बैठक में सभापति कक्ष में महापौर मीनल चैबे, रायपुर शहर भाजपा अध्यक्ष रमेष सिंह ठाकुर की भी उपस्थिति रही 0**

संवाददाता।

रायपुर - दिनांक 29 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11 बजे आहूत रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक के पूर्व आज नगर निगम रायपुर के सभापति श्री सूर्यकांत राठौड़ ने नगर निगम कांग्रेस भाजपा और निर्दलीय पार्षदो की बैठक निगम सभापति कक्ष में बुलवायी। सभापति श्री सूर्यकांत राठौड़ ने सत्ता पक्ष, प्रतिपक्ष एवं निर्दलीय पार्षदो से रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा के सबके सहयोग से व्यवस्थित संचालन हेतु सकारात्मक सहयोग देने कहा सभापति ने सभी पार्षदो को अपनी बात एवं विचार सामान्य सभा की बैठक में रखने पर्याप्त समय देने की बात कही । सभापति ने कहा कि रायपुर नगर विकास से संबंधित रखे गये एजेण्डो पर सभी पार्षदगण खुलकर सकारात्मक सोच के साथ अपने विचार रखे ताकि नगर विकास का मार्ग सामान्य सभा में सकारात्मक बहस के माध्यम से राजधानी शहर में प्रषस्त हो सके। सभापति श्री सूर्यकांत राठौड़ द्वारा ली गई बैठक में भाजपा पार्षद दल की बैठक में सभापति कक्ष में नगर निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चैबे और रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रमेष सिंह ठाकुर की उपस्थिति रही। कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में सभी कांग्रेस पार्षद, भाजपा पार्षद दल की बैठक में सभी भाजपा पार्षद एवं सभी निर्दलीय पार्षदगण निर्दलीय पार्षदो की बैठक में सम्मिलित हुए ।

## जनगणना प्री-टेस्ट कार्य हेतु चयनित ग्रामों में भवन नंबरीकरण का कार्य जारी

### निदेशालय के अधिकारियों ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

महासमुंद, संवाददाता।

आगामी जनगणना की तैयारी के तहत महासमुंद जिले में जनगणना प्री-टेस्ट (पूर्व परीक्षण) कार्य प्रारंभ किया गया है। इस अंतर्गत तहसील महासमुंद के झलप अंचल के 24 ग्रामों का चयन परीक्षण क्षेत्र के रूप में किया गया है। वर्तमान में इन ग्रामों में प्रारंभिक तैयारी के तहत भवन नंबरीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिससे आगामी जनगणना की प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं सटीक बनाया जा सके। भवन नंबरीकरण कार्य का निरीक्षण जनगणना कार्य निदेशालय, रायपुर से आए अधिकारियों श्री संतोष मेन्ढे एवं श्री बैद्यनाथ कुमार द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामों में घर-घर जाकर चल रहे नंबरीकरण की प्रगति का जायजा लिया तथा कार्य की गुणवत्ता और सटीकता की जांच की। इस दौरान महासमुंद तहसीलदार श्री जुगल किशोर पटेल, हल्का पटवारी श्री देवेंद्र इंगोले सहित अन्य राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान निदेशालय के अधिकारियों ने स्थल पर कार्यरत टीम को आगामी जनगणना कार्य को सुचारू, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि भवन नंबरीकरण जनगणना की एक महत्वपूर्ण प्रारंभिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से प्रत्येक घर, संस्था और भवन की सटीक पहचान सुनिश्चित की जाती है। यह जानकारी आगे चलकर परिवार गणना एवं सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आधार बनेगी। अधिकारियों ने क्षेत्रीय कर्मचारियों को कहा कि वे नंबरीकरण कार्य को समय सीमा में पूर्ण करें तथा आंकड़ों की सटीकता और गोपनीयता का विशेष ध्यान रखें। जनगणना प्री-टेस्ट का उद्देश्य मुख्य जनगणना से पूर्व फील्ड प्रक्रिया, उपकरणों एवं डाटा संग्रह पद्धति की व्यवहारिकता का परीक्षण करना है, ताकि वास्तविक जनगणना के समय कार्य त्रुटिरहित ढंग से संपन्न हो सके।

संपादकीय

## आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय

आपातकाल लोकतांत्रिक इतिहास का एक ऐसा काला अध्याय है, जो हमें चेतावनी देता है, कि सत्ता का केंद्रीकरण किस हद तक लोक स्वतंत्रता को कुचल सकता है। नई वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत के समकाल और देशकाल को देखना खासा दिलचस्प है। समाज, राजनीति और लोकतंत्र की बात करें तो देश आपातकाल से पांच दशक आगे निकल चुका है। यह भी कि इस वर्ष जब आखिरी विधानसभा चुनाव के रूप में बिहार में नई सरकार चुनी जानी है तो जयप्रकाश आंदोलन के भी पचास वर्ष पूरे हो रहे हैं। ऐतिहासिक रूप से बिहार इस आंदोलन का एक तरह से एपिक सेंटर था। इन पांच दशकों में जरूर गंगा में बहुत पानी पानी बह चुका है, पर समय के इस बहाव के बीच कुछ चीजें स्थिर भी हुई हैं और वे नई मिसालें और मानदंडों के साथ हमारे समय में लोकनीति और विकास को व्याख्यायित कर रही हैं।





## हवा की सिसकन।

कुछ पगडंडियाँ ,
कभी हमारी हँसी और
कदमों की गूँज से भर उठती
आज वही पगडंडियाँ मौन हैं,
उनकी मिट्टी में अब सिर्फ़ हवा की सिसकन है।

हमारे कदमों के चिन्ह
धुंधली यादों में घुल गए हों,
हर मोड़ पर, हर मोड़ के बाद,
सुनसान पत्थरों की हिचकी।
पत्तों की फुसफुसाहट बची है।
रास्ते केवल मिट्टी नहीं
वे हमारी इच्छाओं
असमय ख़त्म हुई
खोजों में दबे प्रश्न हैं,
वे पगडंडीयाँ जिस पर
हम बचपन की ओर भागते ,
वहाँ केवल पेड़ों की छाया खेलतीं
और हमारी हँसी
हवा में बिखरी,
जैसे कभी रही ही नहीं।

कभी सोचा था
रास्ते सिर्फ़ धूल और मिट्टी होंगे,
लेकिन अब पता चला
रास्ते हमारी यादों, खोई हुई चाहतों और अधूरी उम्मीदों से बनते रहे हैं।
जब यादें धुँधली होती
पगडंडियाँ भी लुप्त होती जाती हैं ।

हर कदम में एक कहानी दबी हुई ,
हर पत्थर और पत्ता
सिर्फ़ अपने अस्तित्व का गवाह है।
और हम?
हम केवल लौटकर देखते हैं,
और पाते हैं कि जो छोड़ गए
वह कभी लौटकर नहीं आएगा।
हमारे पद चिन्ह सिर्फ आवाज है
जो दिखते नहीं, महसूस होतें है।
जो पूछते क्या तुम्हारे कदम सच में तुम्हारे थे,
या बस समय की धारा ने तुम्हें वहाँ बहा दिया।

पगडंडियाँ, लुप्त होती हुई,
अनकही कहानियों की गूँज
जहाँ अस्तित्व और समय,
स्मृति और विस्मृति
आपस में घुलते हैं ।

हम कदमों के निशानों में देखते हैं,
और समझते हर खोई पगडंडी,
एक अंतहीन प्रश्न छोड़ जाती है।

**- संजीव ठाकुर,**



# अब पराली बनी सियासत वाली



**ऋतुपर्ण दवे**
केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री



ठण्ड की दस्तक के साथ ही, धान की कटाई और पराली जलाई के बीच आई दिवाली पर खतरनाक स्तर तक पहुंचे प्रदूषण के लिए फिर पराली को ही जिम्मेदार ठहराने में पंजाब और दिल्ली की राज्य सरकारें इस बार आमने-सामने रहीं। यह सच है कि पराली के चलते दोनों राज्यों के अलावा भी कई राज्य इसका प्रदूषण भुगत रहे हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि पंजाब-दिल्ली की सरकारें बजाए सुलह के एक दूसरे को दोषी ठहरा, प्रदूषण से कैसे निपटेंगी? आसमान से निगरानी और लाइव तस्वीरों के इस दौर में भी सच सामने होने के बावजूद राजनीतिक बयानबाजी बेहद हैरानगी भरी है। सच है कि प्रदूषण की दमघोटू हवा इसके प्रभाव में आने वाले हर किसी को तकलीफदेती है। यह भी सही है कि कोरोना के बाद बहुतेरे लोगों में प्रदूषण को बरदास्त करने की क्षमता भी घटी है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि सरकारें बयानों से बचाव करें। हालाकि इस बार दिल्ली में क्लाउड सीडिंग यानी कृत्रिम बारिश की बात की जा रही है जो यह लिखे जाने तक दिखी नहीं। फिर भी देखना होगा यह तकनीक कितनी कामियाब होती है। लेकिन प्रदूषण को लेकर यह स्थाई विकल्प हो पाए, ऐसा लगता नहीं है।

इधर सुप्रीम कोर्ट ने भी बीते बरस, दिल्ली में बढ़े वायु प्रदूषण पर केंद्र को कड़ी फटकार लगाई तो पंजाब और हरियाणा सरकारों को भी चेताया। बावजूद इसके तो काबू पाया जा सका न ही कोई विकल्प खोजा गया। अदालत में तब पेश जवाब पर ही सवाल खड़े होना लाजिमी थे जो हुए। फिलाहाल दिल्ली में दिवाली के फौरन बाद प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक पहुंचना बेहद चिंताजनक है। 301 से ऊपर का वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एयर क्वालिटी इण्डेक्स(एएक्यूआई) इमरजेंसी स्थिति मानी जाती है। दिल्ली में 27 अक्टूबर तक प्रदूषण के स्तर में सुधार जरूर हुआ है, लेकिन धान कटाई और पराली जलाने की घटनाओं में भी पंजाब व आसपास तेजी से स्तर कब कहां पहुंच जाए कहना मुश्किल है। ध्यान देने वाली बात यह है कि न केवल एनसीआर बल्कि दूसरे क्षेत्रों में प्रदूषण बढ़ा हुआ है। पंजाब भी बुरी तरह से इसकी गिरफ्त में है। लेकिन यह सच है कि दिल्ली के मुकाबले वहां प्रदूषण अभी कम है। भले अभी पंजाब को कैसे दोषी ठहराया जा सकता है क्योंकि इसी मंगलवार लुधियाना में दिवाली के ठीक पहले 271, जालंधर में 247, अमृतसर में 224, पटियाला में 206 वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया। केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड के आंकड़ों जो कि 27 अक्टूबर तक के हैं देखने से पता चलता है कि दिल्ली में प्रदूषण में गिरावट के बावजूद वायु गुणवत्ता सूचकांक 301 पर बना हुआ है जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से 1,900 प्रतिशत अधिक है। इसी दिन बहादुरगढ़ में वायु गुणवत्ता सूचकांक 381 से बढ़कर 387 हो गया है। जबकि दिल्ली सहित नौ शहरों में यह 300 के पार है। वहीं देश में शिलांग की हवा सबसे साफरही जबकि भारत के 256 शहरों में से केवल 23 प्रतिशत में ही हवा साफहै यानी 77 प्रतिशत में हवा खराब है। गनीमत है कि बीच-बीच में बदलते मौसम से हालात इस बार पिछली बार जैसे नहीं बन पा रहे हैं।

समझना होगा कि प्रदूषण के लिए केवल भारत ही नहीं पाकिस्तान की पराली का धुंआ भी जिम्मेदार है। नासा की एक रिपोर्ट, वर्ल्डव्यू एनिमेशन, सेटेलाइट तस्वीरें, चंडीगढ़ पीजीआई और पंजाब यूनिवर्सिटी के शोध से भी साफहो गया है कि भारतीय पंजाब के मुकाबले पाकिस्तानी पंजाब में पराली ज्यादा जलती। इस पर पड़ोसी पर भी लगाम की जरूरत है।

आखिर कैसी कोशिशें हैं कि सालों साल से यह मसला बजाए सुलझने के हर बार नए आरोपों में घिर जाता है? रही बात सरकारों की तो केन्द्र या राज्य की सरकारें किसानों को लेकर दावा कुछ भी करें लेकिन किसानों की भी तो अपनी समस्याएं हैं। संसाधनों की कमीं से जूझते छोटे-छोटे किसानों को भला ऋण कैसे मिलेगा ताकि पराली से विभिन्न उत्पाद बनाने वाली मशीनें खरीद सकें? किसानों की अपनी मजबूरी है।

खेती मौसम पर निर्भर है और एक-दो दिन का बिगड़ा मौसम महीनों की मेहनत पर पानी फेर देता है। इसी चलते किसान भी तुरंत पराली जलाने को मजबूर होते हैं। किसान अगली फसल की बुवाई की जल्दबाजी मौसम के डर के बीच हालातों से जूझता है। दूसरी फसल के लिए बहुत कम वक्त के चलते खासकर छोटे किसान असमंजस में जानते-समझते मजबूरन पराली जलाने का अपराध करते हैं।

दिल्ली में वायु प्रदूषण दशकों पुराना मुद्दा है। 1985 में भी आवाज उठी थी। जब कीर्ति नगर जैसे घने रिहायशी क्षेत्र में एक फर्टीलाइजर संयंत्र की जहरीली हवा से लोग बीमार होने लगे। तब एक वकील एम.सी. मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। हकीकत देखिए, सुनवाई के दौरान ही प्लांट से ओलियम गैस रिसी और तीस हजारी कोर्ट के एक वकील की जान चली गई। कइयों की हालत बिगड़ी। इसके बाद कई कंपनियों पर प्रतिबंध लगा। आबादी वाले क्षेत्र में क्लोरीन, सुपर क्लोरीन, ओलियम, फॉस्फेट जैसी जहरीले उत्पाद बनाने पर रोक लगी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने भी प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने को मौलिक अधिकार बनाया।

धरातल पर देखें तो सिवाय कागजी योजना बनाने, बैठकें और आखिर में आरोप-प्रत्यारोप से ज्यादा भला अब तक क्या हासिल हुआ है? न तमाम प्रभावित राज्य सरकारें और न ही केन्द्र, पराली के दूसरे उपयोग किसानों को समझा पाया। क्लाउड सीडिंग से कृत्रिम बारिश की बातें करने वाली दिल्ली सरकार भी खतरनाक स्तर तक प्रदूषण से फौरी राहत ही दिला पाई जो कुछ देशों ने कर दिखाया। बजाए आपसी तू-तू, मैं-मैं के पराली संग्रहण, इसके व्यावसायिक उपयोगों पर पूरे साल चर्चा होती तो शायद जलाने की नौबत ही न आती। लगता नहीं कि पराली मुद्दा गंभीर जरूर है लेकिन निदान असंभव नहीं? काश, सरकारी तंत्र और हुक्मरान यह समझ पाते!

**यह निजी विचार है।**

# समावेशी विकास का उत्तराखंड मॉडल

**एस. सुनील**

**भारत में विकास के कई मॉडल की चर्चा होती है। सबकी अपनी खूबियां हैं और अपने अपने राज्य के हिसाब से उनका महत्व और उपयोगिता है। आमतौर पर विकास के मॉडल के तौर पर बड़े राज्यों की चर्चा की जाती है, जिनका सकल घरेलू उत्पाद बहुत बड़ा होता है या जहां औद्योगिकरण की संभावनाएं ज्यादा होती हैं। छोटे और पहाड़ी राज्य ऐसी चर्चा से बाहर हो जाते हैं। परंतु पिछले कुछ वर्षों में विकास के एक मॉडल के तौर उत्तराखंड का उदय एक बड़ी परिघटना है। मुश्किल पारिस्थितिकी और निरंतर प्रकृति की मार झेल रहे उत्तराखंड ने समावेशी विकास का एक नया मॉडल विकसित किया है। वहां धर्म और न्याय के साथ विकास का क्रम चल रहा है। वैसे भी उत्तराखंड देवभूमि है, जहां 'कंकड़ कंकड़ शंकर है'। कदम कदम पर तीर्थ हैं और पवित्र भूमि है। शंकराचार्य का स्थापित किया हुआ बद्रीनाथ धाम है तो सबसे जाग्रत महादेव का केदारनाथ मंदिर भी है। पूरे देश के चार धामों में से एक धाम उत्तराखंड में है तो इसका अपना चार धाम भी है। बद्रीनाथ, केदारनाथ के अलावा गंगोत्री और यमुनोत्री भी हैं। आदि शंकराचार्य ने उत्तर से दक्षिण को जोड़ने के लिए रामेश्वरम और बद्रीनाथ धाम की स्थापना की थी। उत्तराखंड से लोग गंगा जल लेकर रामेश्वर जाते हैं तो रामेश्वरम से लोग बद्रीनाथ और केदारनाथ के दर्शन के लिए आते हैं।**

यह अनोखी विशेषता इस राज्य को एक अलग पहचान देती है। परंतु पिछले कुछ वर्षों में श्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने उत्तराखंड की प्रगति को नई दिशा और नए आयाम दिए हैं। उन्होंने एक सतत और टिकाऊ विकास का अपना स्वदेशी मॉडल विकसित किया है। इसमें तीर्थाटन की अर्थव्यवस्था को विकसित करना एक आयाम है तो प्राकृतिक संसाधनों के जरिए राज्य के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास एक दूसरा आयाम है। राज्य सरकार ने प्रकृति और पारिस्थितिकी का संरक्षण करते हुए उद्योग धंधे विकसित करने के नए प्रयास भी किए हैं। समावेशी, टिकाऊ और पारिस्थितिकी से संतुलन के साथ विकास की गति बढ़ाने के लिए श्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने अलग अलग उद्योग समूहों के साथ 3.56 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्तावों के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें से एक लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा चुका है। सरकार की ओर से आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव में मिले प्रस्तावों को तत्परता के साथ धरातल पर उतारा जाता है। सरकार ने आर्थिक प्रबंधन के मामले में अपनी श्रेणी के ज्यादातर राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। आधिकारिक आंकडों के मुताबिक आर्थिक प्रबंधन के मामले में छोटे राज्यों की श्रेणी में उत्तराखंड दूसरे स्थान पर है। उससे आगे सिर्फ गोवा है।

उत्तराखंड की श्री पुष्कर सिंह धामी सरकार की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि राज्य का वार्षिक बजट एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का हो गया है। राज्य के आकार और आबादी को देखते हुए यह एक बड़ा मील का पत्थर है। राज्य सरकार ने पारिस्थितिकी के साथ संतुलन बनाते हुए हरिद्वार, पंतनगर, सितारगंज और कोटद्वार में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया है। इसके अलावा काशीपुर में एरोमा पार्क और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर भी विकसित किया गया है। सरकार खुरपिया फार्म को स्मार्ट औद्योगिक शहर के रूप में विकसित कर रही है। राज्य सरकार ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के अनुरूप लघु, सूक्ष्म व मझोले उद्यमों यानी एमएसएमई को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां लागू की हैं। सरकार 50 नए एमएसएमई कलस्टर बना रही है और साथ ही स्टार्टअप की नई नीति लेकर आई है। उद्योग धंधों के विकास के साथ साथ सरकार लॉजिस्टिक्स पर भी काम कर रही है ताकि राज्य में आने वाले उद्योग समूहों को किसी किस्म की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने औद्योगिक व आर्थिक विकास के साथ साथ सामाजिक व मानव विकास पर भी समान रूप से ध्यान दिया है। उन्होंने समाज के वंचित व हाशिए पर के समूहों को मुख्यधारा में लाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और हर उम्र वर्ग के नागरिकों को उसकी आवश्यकता के अनुरूप सेवाएं उपलब्ध कराने की अनेक योजनाएं शुरू की हैं। उत्तराखंड में सरकार ने पेंशन पाने वाले बुजुर्गों के लिए घर पर ही वेरिफिकेशन की सुविधा दी है। इसी तरह वृद्ध व निःशक्त जनों के लिए भी अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लखपति दीदी योजना के माध्यम से 1.64 लाख से अधिक मातृशक्ति को सशक्त बनाने का कदम उठाया गया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की कड़ी में राज्य सरकार किसानों के साथ महिलाओं को प्रोत्साहित कर रही है। किसानों को तीन लाख और महिला स्वंय सहायता समूहों यानी एसएचजी को पांच लाख रुपए तक ब्याज रहित ऋण दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने नव प्रसूता के लिए महालक्ष्मी किट की योजना शुरू की है, जिसके तहत प्रसव के बाद मां और नवजात शिशु को पोषण व स्वच्छता का सामान प्रदान किया जाता है। इस किट में शिशु के लिए सूती टोपी, जुराब, लंगोटी, तौलिया, शिशु साबुन, रबर शीट, कंबल, टीकाकरण कार्ड जैसी चीजें शामिल होती हैं। इसके माध्यम से नव प्रसूता और बच्चे दोनों की स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

केंद्र में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा लागू की गई जन कल्याण की समस्त योजनाओं को बेहद प्रभावी तरीके से उत्तराखंड में लागू किया गया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से प्रदेश के 60 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत राज्य के नौ लाख से अधिक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना में लगभग 55 हजार गरीबों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में तेज़ी से कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में 18,602 अतिरिक्त आवास स्वीकृत किए गए हैं।

आर्थिक, औद्योगिक, सामाजिक व मानव विकास के साथ साथ उत्तराखंड की सरकार सनातन के संरक्षण और भारत के सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा व संवर्धन के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। यह अनायास नहीं है कि समान नागरिक कानून लागू करने वाला सबसे पहला राज्य उत्तराखंड बना। उत्तराखंड की श्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्ति न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई और उस कमेटी की अनुशंसा के आधार पर समान नागरिक कानून बनाया गया। अब उत्तराखंड के बनाए कानून के अनुरूप ही देश के दूसरे राज्यों में समान नागरिक कानून का मसौदा बनाया जा रहा है। उत्तराखंड को ही भारतीय जनता पार्टी के सबसे पुराना वादों में से एक यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी यूसीसी लागू करने का सौभाग्य मिला।

राज्य की धामी सरकार उत्तराखंड में जनसंख्या संरचना बदलने के प्रत्यक्ष व परोक्ष षड्यंत्रों को रोकने के लिए भी कई कदम उठाए हैं। देवभूमि होने के बावजूद पिछले कई वर्षो से उत्तराखंड में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही थी। पहाड़ों में अनेक प्रकार के जिहाद देखने को मिल रहे हैं। कुछ समय पहले ही 'नकल जिहाद' सामने आया, जिसमें भर्ती परीक्षा का पेपर लीक किया गया था। मुख्यमंत्री ने इससे सख्ती से निपटने की घोषणा की। ऐसे ही कुछ समय पहले दो मुस्लिम युवक पकड़े गए थे, जो खाने की चीजों में थूक मिला रहे थे। इस 'थूक जिहाद' से निपटने के लिए धामी सरकार ने खाने पीने की दुकानों को नियंत्रित करने का सख्त कानून लागू किया है। सरकार ने 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' को प्रभावी तरीके से रोकने के भी कई कदम उठाए हैं। धामी सरकार ने अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक 2025 को मंजूरी दी है, जिसके तहत राज्य के सभी मदरसों को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद से संबद्ध होना अनिवार्य किया गया है। इस तरह अवैध मदरसों पर शिकंजा कसा गया है और राज्य के अलग अलग हिस्सों में ढाई सौ से अधिक मदरसे सील किए गए हैं।

एक साजिश के तहत जनसंख्या संरचना बदलने का प्रयास कितना सांस्थायिक हो गया है इसकी जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री माननीय अमित शाह ने स्वंय दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके कार्यालय ने आंकडों के साथ इसकी जानकारी दी है। श्री अमित शाह के कार्यालय ने लिखा हैः

÷भारत में आजादी के बाद हुई जनगणनाओं मेंः

1951 में हिंदू 84.1 प्रतिशत, मुस्लिम 9.8 प्रतिशत
1971 में हिंदू 82.72 प्रतिशत, मुस्लिम 11 प्रतिशत
1991 में हिंदू 81 प्रतिशत, मुस्लिम 12.12 प्रतिशत
2001 में हिंदू 80.5 प्रतिशत, मुस्लिम 13.4 प्रतिशत
2011 में हिंदू 79 प्रतिशत, मुस्लिम 14.2 प्रतिशत

और वही वृद्धि दर की बात करें तोः

2001-2011 में हिंदू जनसंख्या में वृद्धि दर 16.8 प्रतिशत थी और मुस्लिम आबादी 24.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी।

1951 से लेकर 2011 तक जनसंख्या वृद्धि दर में जो असमानता दिखती है उसका प्रमुख कारण 'घुसपैठ' है÷।

घुसपैठ की वजह से और जनसंख्या वृद्धि दर के कारण, उत्तराखंड में भी जनसंख्या संरचना तेजी से बदल रही थी। श्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने इसे रोकने का प्रयास गंभीरता से किया है। उनकी सरकार ने धर्मांतरण विरोधी सख्त कानून पारित कराया है। गौरतलब है कि उत्तराखंड में मुस्लिम आबादी 13.95 फीसदी यानी लगभग 14 फीसदी हो गई है। उत्तराखंड की ही तरह देवभूमि प्रदेश हिमाचल भी है, जहां मुस्लिम आबादी महज दो फीसदी है लेकिन उत्तराखंड में मुस्लिम आबादी का अनुपात राष्ट्रीय अनुपात के बराबर हो गया है। बहरहाल, राज्य सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों से लोगों में भी जागरूकता आई है और वे भी सजग होकर जनसंख्या संरचना बदलने के प्रयासों को सफल बनाने में लगे हैं। इस तरह श्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार न सिर्फ औद्योगिक व आर्थिक विकास को गति और दिशा दे रही है, बल्कि जनसंख्या संरचना को बदलने से रोकने के गंभीर प्रयास भी कर रही है और सनातन के धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के भी ठोस कदम उठा रही है।

**यह निजी विचार है।**

# बिहार देश की सामाजिक न्याय और जाति व्यवस्था की प्रयोगशाला है

**( बिहार विधानसभा चुनावों पर विशेष)**

अजय दीक्षित

वैशाली, भगवान बुद्ध, नालंदा विश्वविद्यालय, माता सीता की मढ़ी ,सरीखे गौरवशाली इतिहास को समेटे भारत का पौराणिक कथाओं से भरपूर राज्य बिहार देश की जाति व्यवस्था और सामाजिक न्याय की प्रयोगशाला है। ब्रिटिश ने बंगाल के विभाजन के बाद 1911 में इसे स्थापित किया । मध्यकालीन भारत में बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय था जिसमें चीनी यात्री हैन संग के मुताबिक दस लाख पांडुलीपि थी जिनको 13 बी सदी में अलाउद्दीन खिलजी ने जलाकर नष्ट कर दिया था ।इन पांडुलीपि में प्राचीन भारत का इतिहास दर्ज था ।उससे पहले ईसा पूर्व 567 में भगवान बुद्ध को परम ज्ञान की अनुमति हुई थी।गंगा, कोसी, ब्रह्मपुत्र नदी

के तीर में बसा बिहार आजादी के आंदोलनों का साक्षी रहा है। आजादी के बाद भारत में अगर जाति व्यवस्था को सामाजिक न्याय में बदला गया तो वह बिहार ही है । लीची, मखानों, आम, धान, उड़द, ग्वार, मूंगफली,गेहूं आलू का उत्पादन के लिए विख्यात बिहार में विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज रही है।

243 सदस्यीय बिहार विधानसभा का चुनाव 6 और 11 नवंबर होना है। राजनीतिक प्रवेक्षकों की माने तो जातियों के समूह तय करेंगे कि कौन सरकार बनाएगा। मुख्य मुकाबला बीजेपी, जेडीयू गठजोड़ यानि एनडीए और राजद कांग्रेस के महागठबंधन के बीच है।

राजद ने यादव मुस्लिम जातियों को आकर्षित कर रखा है

तो नीतीश कुमार ने अति पिछड़ी जातियों जैसे कोली, कुशवाह, निषाद, कुर्मी,धोबी,तथा अनुसूचित जातियों जैसे पासवान, धानुक, डिमरी, धाम,को अपना लक्ष्य बनाया है

भारतीय जनता पार्टी ब्राह्मण, क्षत्रिय, बनिया,भूमिहार,पर नजर रखे है। कांग्रेस राजद के साथ है और 61 सीट पर चुनाव लड़ रही है जबकि राजद 127 सीट पर चुनाव में है।

ह्ष्ठ में बीजेपी जेडीयू 101 ,101 पर मैदान में हैं। चिराग पासवान की पार्टी 29, जीतन राम मांझी 6 पर लड़ रहे हैं।

पूरा चुनाव अभियान सभी पार्टियों का जाति व्यवस्था के आधार पर चल रहा है। अन्य राज्यों में जब चुनाव होते हैं तो विकास, क्षेत्र, भाषा, बोली मुद्दे होते हैं लेकिन बिहार में यह सब मुद्दे नदारत हैं। हां एक महिला सशक्तिकरण जरूर भारतीय जनता पार्टी ने मुद्दा बनाया है।

राजद नेता तेजस्वी यादव पूरे बिहार में घूम घूम कर यादव मुस्लिम का मजबूत स्थान दे रहे हैं। बिहार में 1952 प्रथम चुनाव से ही जाति गत राजनीत होती रही है। इसका कारण यह है कि ब्रिटिश राज्य में और उससे पहले मुस्लिम एरा में बड़ी जातियों ने छोटी जातियों का बहुत शोषण किया। जिसमें मंदिरों में प्रवेश, आवाज निकालकर निकलना, बेगारी, दासता, दैहिक शोषणों, महिलाओं की स्थिति, भयानक अशिक्षा, अंधविश्वास, जमींदारी प्रथा, जैसी समस्याओं से बिहार अभिशप्त रहा था। मुसलमानों के शासन में यही व्यवस्था बनी रही हालांकि ब्रिटिश ने कुछ सुधार किए मगर वे मन से और बहुत कम । इन परिस्थितियों के चलते पूरे निचले तबके में ऊंची जातियों के प्रति आक्रोश पनप रहा था और जब आजादी के बाद मताधिकार मिला तो वह गुस्सा फूट पड़ता है।यही जाति व्यवस्था है। हालांकि सरकारी स्तर पर नौकरियों में आरक्षण मिला है लेकिन इस पर भी उन्हीं लोगों ने अपने लोग बिठा लिए जो शोषक थे।सबसे पहले रामधन, बाबू जगजीवन राम, कर्पूरी ठाकुर आदि नेताओं ने सामाजिक न्याय की आवाज उठाई और जाति आधारित राजनीति शुरू की।

यह निजी विचार है।

# देश में अनुकूल मौसम एवं पानी की भरपूर उपलब्धता से खेती को मिली नई ऊर्जा

### 38 हजार करोड़ रु. खाद सब्सिडी पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार - श्री शिवराज सिंह

### केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने की कृषि क्षेत्र में प्रगति की समीक्षा

### खरीफकी प्रमुख फसलों की बेहतर बुवाई हुई, उपज अच्छी होने की उम्मीद - श्री शिवराज सिंह

पीआईबी





केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय कैबिनेट द्वारा खाद सब्सिडी के लिए 38 हजार करोड़ रुपये की जारी करने के फैसले पर किसानों की ओर से उनका आभार व्यक्त किया। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में बताया गया कि खरीफ 2025 के दौरान फसलों की बुवाई काफी अच्छी हुई है। खरीफ 2025 के लिए धान की बुवाई का कुल आंकड़ा 441.58 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक है। वहीं, तिलहनी फसलों का अखिल भारतीय क्षेत्र 190.13 लाख हेक्टेयर तक दर्ज किया गया, जिसमें सोयाबीन एवं मूंगफली प्रमुख हैं। इसी तरह, दालों का क्षेत्र 120.41 लाख हेक्टेयर तक पहुंचा है, जो पोषण सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है, वहीं गन्ने का क्षेत्र 59.07 लाख हेक्टेयर तक रहा हैं, जिससे गन्ना उत्पादक किसान भाइयों-बहनों को सीधा फायदा होगा।

देश के कृषि क्षेत्र को इस बार अनुकूल मानसून, पर्याप्त वर्षा, जलाशयों में बेहतर जलसंग्रह के चलते काफी लाभ मिला है। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा देश में कृषि क्षेत्र की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रमुख जलाशयों में सामान्य या अधिक स्तर पर पानी संग्रहित है, जिससे सिंचाई संबंधी जरूरतें काफी हद तक पूरी हुई हैं व खरीफकी बुवाई समय पर पूरी हो सकी है। यह किसानों के लिए बड़ी राहत की बात रही, क्योंकि लगातार पर्याप्त नमी के कारण बुवाई में तेजी आई, पौधों की वृद्धि भी संतुलित रही हैं। पर्याप्त नमी से रबी बुवाई क्षेत्र में भी वृद्धि होगी।

बैठक में मौजूद कृषि आयुक्त डा. पी.के. सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह को रिपोर्ट दी कि देशभर में सिंचाई परियोजनाओं एवं जलाशयों के लिए जल उपलब्धता में वृद्धि हुई हैं, जिससे सिंचाई आधारित कृषि क्षेत्रों में भी कृषि विकास संभव हुआ है। बैठक में बताया गया कि देश में पिछले वर्ष की तुलना में कुल जल संग्रहण की स्थिति बेहतर है, 161 जलाशयों में उपलब्ध संग्रहण 165.58 अरब घन मीटर (BCM) है, जो गत वर्ष के मुकाबले 104.30% और पिछले 10 वर्षों के औसत संग्रहण का 115.95% है।

बैठक में यह जानकारी भी दी गई कि देश के कुछ क्षेत्रों में खरीफकी फसलों की कटाई शुरू हो गई है, अब तक कुल खरीफक्षेत्र के लगभग 27त्न भाग की कटाई हो चुकी है, साथ ही कुछ इलाकों में रबी की बुवाई भी प्रारंभ हो चुकी है, जो वर्तमान में प्रारंभिक चरण में है। देश में प्याज, आलू व टमाटर की फसलों की स्थिति भी औसतन अच्छी परिलक्षित हो रही है, वहीं चावल-गेहूं का वास्तविक स्टाक, बफर मानक की तुलना में ज्यादा है। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि समय पर और अनुकूल मानसून, पर्याप्त जलाशय संसाधन, बढ़िया योजना प्रबंधन एवं डिजिटल नवाचार के चलते देश के कृषि क्षेत्र में रिकॉर्ड उपलब्धियां दर्ज हो रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, सरकार की किसान हितैषी नीतियों की वजह से ये उपलब्धियां किसानों के जीवन स्तर को ऊंचा उठा रही है, वहीं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लिए भी यह शुभ संकेत हैं। आगामी रबी मौसम में दलहनी और तिलहनी फसलों की ज्यादा बुवाई के लिए और रिकार्ड उत्पादकता प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार, प्रदेशों के साथ मिलकर हरसंभव सहायता किसानों को उपलब्ध कराएगी।

## भारतीय तटरक्षक बल ने केरल के कोच्चि से लगभग 1,500 किलोमीटर पश्चिम में मछली पकड़ने वाली नौका पर सवार गंभीर रूप से घायल ईरानी मछुआरे को चिकित्सा सहायता दी

पीआईबी



भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने मछली पकड़ने वाली नाव अल-ओवैस में जनरेटर में ईंधन स्थानांतरण के दौरान हुए विस्फोट के कारण गंभीर रूप से घायल एक ईरानी मछुआरे को चिकित्सा सहायता प्रदान की। पांच चालक दल वाला यह जहाज, जिसका इंजन खराब था, केरल के कोच्चि से लगभग 1,500 किलोमीटर पश्चिम में अरब सागर के मध्य में स्थित था। समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी), मुंबई को ईरान के चाबहार स्थित एमआरसीसी से चिकित्सा आपातकाल के बारे में जानकारी मिली और उसने आसपास के जहाजों को सतर्क करने और समन्वित सहायता शुरू करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा जाल सक्रिय कर दिया। पूर्वी अफ्रीकी देशों में विदेशी तैनाती से लौट रहे आईसीजी जहाज़ सचेत और कुवैत से मोरोनी जा रहे मार्शल द्वीप समूह के ध्वज वाले टैंकर एमटी एसटीआई ग्रेस को तत्काल सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया गया। अल-ओवैस नाव से मिलने के बाद, टैंकर एमटी एसटीआई के चालक दल ने आईसीजी चिकित्सा कर्मियों के मार्गदर्शन में टेली-मेडिकल प्राथमिक उपचार किया और राहत प्रदान की। इसके अलावा, एमटी एसटीआई ग्रेस और आईसीजी जहाज सचेत मरीज के स्थानांतरण और आगे की चिकित्सा के लिए मिले। घायल मछुआरे का वर्तमान में आईसीजी जहाज सचेत पर चिकित्सा उपचार चल रहा है, जो आगे की प्रक्रियाओं के लिए गोवा की ओर बढ़ रहा है। यह जटिल, चुनौतीपूर्ण बचाव कार्य, राष्ट्रीय सीमाओं से परे समुद्री सुरक्षा और मानवीय सहायता के प्रति आईसीजी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, तथा हिंद महासागर क्षेत्र में एक विश्वसनीय और भरोसेमंद समुद्री खोज और बचाव एजेंसी के रूप में इसकी भूमिका की पुष्टि करता है।

## गुरु नानक एक आदर्श व महान गुरु थे : भूपेंद्र सिंह

केसिंगा



भवानीपटना में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से आगामी 5 तारीख को गुरु नानक जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर पूरे कालाहांडी जिल्ले से सभी जाति एवं संप्रदाय के लोग एकत्रित होकर के गुरु नानक जयंती कार्यक्रम का लाभ उठाएंगे। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए वहां के सिख संप्रदाय के भाइयों में काफी उत्साह देखा गया। इस कार्यक्रम को चार चान्द लगाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। स्थानीय गुरुद्वारा से लेकर के पूरे शहर परिक्रमा करते हुए एक विशाल शोभा यात्रा का कार्यक्रम भी रखा गया है।

इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सभी जाति एवं धर्म के लोग शामिल होने की संभावना है। गुरु नानक ने अपने संन्देश में कहा था कि सबसे बड़ा मानव धर्म में होता है। इससे बड़ा कोई धर्म नहीं है । गुरु नानक जी जाती एवं धर्म को बांटने के पक्ष में नहीं थे। आज पूरे विश्व में गुरु नानक जी का आदर्श में चलने के लिए सिख धर्म के भाई बहन प्रचार प्रसार कर रहे हैं। स्थानीय गुरुद्वारा में पिछले 26 तारीख से लेकर के आज 28 तारीख तक गुरु गोविंद साहब की पुण्य भूमि में एक अखंड पाठ का भी आयोजन किया जा रहा है।इस अखंड पाठ में 1430 पुरष्ठा का एक ग्रंथ पाठ का लाभ उठा रहे हैं।

यह अखंड पाठ आगामी 5 तारीख तक चलेगा। अखंड पाठ में भाग लेने के लिए दिन और रात सभी सिख धर्म के भाई-बहन उपस्थित रहते हैं। सिख धर्म के 9 में गुरु तेग बहादुर जी अपने करुणा एवं तेज ज्ञान के लिए जाने जाते हैं।इसके अलावा उन्होंने धार्मिक जीवन और सत्य निष्ठा के सिद्धांतों का समर्थन किया और कोई धार्मिक भजनों का रचना भी की है।ऐसे महान आत्माओं का जन्म इस धरती पर दुर्लभ देखा गया है।

तेग बहादुर जी का 350 में शताब्दी इस वर्ष पूरे विश्व में मनाई जा रही है इसको याद करने के लिए बाकी धर्म के लोग दिल से गुरु तेग बहादुर जी के बलिदानों को ताजा करने के लिए भवानीपटना गुरुद्वारा कमेटी की तरफसे पहली बार एक अनोखा का कार्यक्रम काआयोजन किया गया । इसी आयोजन में स्थानीय कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं ओके द्वारा चित्रातकन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था। जिसमे की काफी संख्या में भाई बहन उपस्थित रहे। स्थानीय गुरुद्वारा में 26 तारीख से 28 तारीख तक एक लंगर प्रसाद का भी आयोजन किया गया था।इस लंगर कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए उड़ीसा के जाने-माने नेता एवं पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह एवं उनके परिवार गण एकत्रित होकर के इस विशाल लंगर का आयोजन किए थे। जिसमे की हजारों की संख्या में सभी संप्रदाय के भाई-बहन इस प्रसाद का आनंन्द ले रहे थे। इस तीन दिवसीय लंगर कार्यक्र मे उनके भाई देबू सिंह एवं उनके परिवार गण का भी भारी योगदान रहा है श्री देबू सिंह एक सामाजिक कार्य करता है ।उनका हर संप्रदाय के संस्थानों में भारी योगदान रहता है केसिंगा अंम्बाजी मंदिर में भी उनका भारी योगदान रहा है। इन सभी कार्यक्रमों में गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष सरदार सुरेंद्र जीत सिंह, सचिप हरदीप सिंह, उपसचिव परम जीत सिंह, मेरु सिंह , एवं आसपास के क्षेत्र से काफी संख्या में भाई बहन एवं सिख धर्म के भाई बहन भारी संख्या में उपस्थित रहते हैं

**श्रीराम फाईनेंस लिमिटेड**

SHRIRAM Finance / SHRIRAM City MONEY WHEN YOU NEED IT MOST

**मुख्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टावर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051; दूरभाष: 022 4241 0400, 022 4060 3100; **वेबसाइट:** http://www.shriramfinance.in **पंजीकृत पता:** श्री टावर्स, प्लॉट संख्या 14ए, साउथ फेज इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई 600 032। **शाखा पता:** 804, स्काई बिजनेस पार्क, शालीमार टाउनशिप के सामने, ए.बी. रोड, इंदौर - 452 010 (मध्य प्रदेश)

**परिशिष्ठ-IV-A** [नियम 8(5) तथा 8(6)का प्रावधान देखें] **अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए नीलामी सूचना**

**नोट:** यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार **"श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड"** को **"श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड"**के साथ समामेलित किया गया है । इसके बाद दिनांक **30-11-2022** के नाम परिवर्तन के अनुसार निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से 30.11.2022 से **"श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड"** का नाम बदलकर **"श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड"** कर दिया गया।

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत अचल सम्पत्तियों की विक्रय हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना**

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदारों और जमानतदारों को नोटिस दिया जाता है कि श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड को नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को गिरवी / प्रभारित किया गया है, जिसका वास्तविक कब्जा श्रीराम के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड की बिक्री **दिनांक 29 नवंबर 2025 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच ई-नीलामी में "जैसा है जहाँ है", "जैसा है जो है" एवं "जो कुछ भी है"** के आधार पर की जायेगी। जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है, उधारकर्ताओं और गारंटरों से श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड को देय शेष राशि की वसूली के लिए। उधारकर्ताओं और गारंटरों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर ज्ञात भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और बयाना जमा और वेतन वृद्धि भी इस प्रकार दी गई है:

| कर्जदारों/सह-कर्जदारों/ जमानतियों/बंधनकर्ताओं के नाम | 13(2) मांग सूचना की तिथि एवं राशि | आरक्षित मूल्य (रू.) एवं संविदा वृद्धि | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) का विवरण | नीलामी की तिथि एवं समय | संपर्क व्यक्ति तथा निरीक्षण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| केसी फ्रूट कंपनी (उधारकर्ता) प्रतिनिधि श्री राकेश चौहान बी-ब्लॉक, 15/16, बालाजी 'फ्रूट मार्केट, लालपुर, देवपुरात, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन - 492001<br>2) श्री राकेश चौहान (सह-उधारकर्ता/गारंटर) मकान क्रमांक 609/15, प्रगति विहार कॉलोनी, शिव मंदिर के पास रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001<br>3) श्रीमती मांसु माधुरी चौहान (सह-उधारकर्ता/गारंटर) मकान क्रमांक 609/15, प्रगति विहार कॉलोनी, शिव मंदिर के पास रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001<br>कब्जे की तिथि और कब्जे का प्रकार<br>18 सितम्बर 2025 भौतिक कब्ज़ा<br>भार ज्ञात ज्ञात नहीं | 02-06-2023<br>60,81,376/- (रुपये साठ लाख इक्यासी हजार तीन सौ छिहत्तर मात्र) दिनांक 19 मई 2023 के अनुसार<br>ऋण खाता संख्या RSRPRLP2204 080005 | रू. 60,76,650/- (रूपये छह लाख छिहत्तर हजार छह सौ पचास मात्र)<br>बोली वृद्धि : रु. 25,000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र ) और ऐसे गुणकों में<br>बयाना जमा राशि (ईएमडी) (रू.)<br>रु.6,07,665/- (रुपये छह लाख छह सौ पैंसठ मात्र)<br>ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 25 नवंबर 2025 समय - सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक | यहां नीचे उल्लिखित खाता विवरणों में आरटीजीएस/ एनईएफटी के माध्यम से जमा की जाने वाली ईएमडी राशि<br>श्री राम फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में<br>बैंक का नाम : एक्सिस बैंक लिमिटेड<br>शाखा डॉ. राधाकृष्णन सलाई मायलापोर, चेन्नई<br>बैंक खाता क्र. चालू खाता सं. 006010200067449<br>IFSC CODE UTIB0000006 | 29 नवंबर 2025<br>समय: सुबह 11.00 से दोपहर 1.00 बजे तक | श्री रितेश पाण्डेय 9009793745<br>श्री देबज्योति रॉय 9874702021<br>संपत्ति निरीक्षण दिनांक : 24 नवंबर 2025 सुबह 11.00 से दोपहर 4.00 बजे तक |

**सम्पत्ति का विवरण**

औद्योगिक व्यपवर्तित भूमि मौजा कोड़ेवाल, पी. एच. क्र. 031 आर. एन. एम. कुरुद, जिला धमतरी, खसरा क्र. 1079 में स्थित, कुल क्षेत्रफल 0.15 हेक्टेयर (16140 वर्ग फीट) सीमा विवरण-उत्तर- सीसी रोड, दक्षिण - भागीराम का मकान पूर्व - बुध राम का मकान, पश्चिम - भानुराम का मकान

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के अंतर्गत 30 दिन का वैधानिक नोटिस**

उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे ऊपर उल्लिखित राशि, अद्यतन ब्याज और सहायक खर्चों सहित, ई-नीलामी की तिथि अर्थात 29/11/2025 से पहले अदा करें। ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और शेष राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी। प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऑनलाइन नीलामी हमारी तृतीय-पक्ष नीलामी एजेंसी श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट (https://www.samil.in) पर आयोजित की जाएगी | और निविदा प्रस्तुत करने के स्थान/बोली प्रपत्र प्राप्त करने / निविदा खोलने और नीलामी के लिए, कृपया वेबसाइट https://www.samil.in पर जाएं और बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड की वेबसाइट में दिए गए लिंक https://kalam.shriramfinance.in को देखें।

स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 29-10-2024

हस्ता. - प्राधिकृत अधिकारी
श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड



नई दिल्ली में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए एक एंटी-स्मॉग गन पानी की बूंदों का छिड़काव करती हुई।

## ग्लोबल ट्रेड में आ रहा बड़ा शिफ्ट, भारत की ऑटो इंडस्ट्री दक्षिण अफ्रीका में निवेश बढ़ाएगी

नई दिल्ली

भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री दक्षिण अफ्रीका में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए तैयार है, क्योंकि कई कंपनियां अपने मौजूदा असेंबली प्लांट को पूर्ण विकसित मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स में अपग्रेड करने और नए प्लांट स्थापित करने की योजना बना रही हैं। न्यूज साउथ अफ्रीका की रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख ग्लोबल व्हीकल मैन्युफैक्चरर्स द्वारा यह कदम ऐसे समय पर उठाए जा रहे हैं, जब निवेश को आकर्षित करने और अपने स्थानीय ऑटोमोबाइल क्षेत्र को मजबूत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका प्रयास तेज कर रहा है। दक्षिण अफ्रीका के व्यापार, उद्योग और प्रतिस्पर्धा मंत्री पार्क्स ताऊ के अनुसार, भारतीय और चीनी वाहन निर्माताओं ने देश में अपने निवेश को बढ़ाने में रुचि व्यक्त की है। स्थानीय ऑटो उद्योग को पुनर्जीवित करने की सरकार की रणनीति के तहत ताऊ कई व्हीकल मैन्युफैक्चरर्स के साथ बातचीत कर रहे हैं, जो निर्यात मांग में गिरावट, सस्ते आयात से बढ़ती प्रतिस्पर्धा और बुनियादी ढांचे की समस्याओं जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रहा है।

अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाए जाने के बाद, दक्षिण अफ्रीकी ऑटो इंडस्ट्री निर्यात में गिरावट के कारण दबाव में है। इसके अतिरिक्त, ईंधन द्वारा संचालित होने वाले इंजन वाले वाहनों पर यूरोपीय संघ के प्रस्तावित प्रतिबंध ने देश के निर्यात बाजारों को और भी खतरे में डाल दिया है। इसने सरकार को न्यू एनर्जी व्हीकल (एनईवी) पर ध्यान केंद्रित करने और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में निवेश आकर्षित करने के लिए प्रेरित किया है।

## कोयला मंत्रालय स्मार्ट कोल एनालिटिक्स डैशबोर्ड कोयला शक्ति की शुरुआत के लिए तैयार

पीआईबी

कोयला मंत्रालय 29 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली के ओबेरॉय होटल में कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी की उपस्थिति में डिजिटल परिवर्तन और बेहतर डेटा-संचालित शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, एक स्मार्ट कोल एनालिटिक्स डैशबोर्ड ÷कोयला शक्ति÷ की शुरुआत करने जा रहा है। यह डैशबोर्ड कोयला क्षेत्र के संचालन की वास्तविक समय निगरानी और विश्लेषण के लिए एक एकीकृत मंच के रूप में कार्य करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रौद्योगिकी-सक्षम शासन के माध्यम से डिजिटल इंडिया को सुदृढ़ करने के दृष्टिकोण के अनुरूप, कोयला मंत्रालय कोयला क्षेत्र में डिजिटल प्रणालियों को एकीकृत करने के लिए कई पहलों को लागू कर रहा है। कोयला शक्ति डैशबोर्ड की शुरुआत इस प्रयास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो कोयला उत्पादन, परिवहन और आपूर्ति की निगरानी के लिए एक एकीकृत, वास्तविक समय डिजिटल इंटरफ़ेस प्रदान करता है। यह प्लेटफ़ॉर्म डेटा-आधारित निर्णय लेने में सक्षम बनाता है और संपूर्ण कोयला इकोसिस्टम में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करता है।

चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर पकड़ाए

# खरीददार से चोरी गए 1 बंडल कॉपर तथा बिक्री रकम 113000 रूपए तथा दोनों कर्मचारी आरोपियों से जप्त




**जांजगीर चांपा /** दुकान में काम करते करते चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर चोर के साथ एक खरीददार चांपा पुलिस के हत्थे चढ़ा है । गिरफ्तार आरोपियों के नाम मनोज कुमार निषाद पिता सियाराम निषाद उम्र 27 वर्ष, शंकर नगर चाम्पा,

सूरज दास मानिकपुरी पिता मंगल दास मानिकपुरी उम्र 31 वर्ष साकिन बिरगहनी थाना जांजगीर तथा

खरीददार का नाम नरेंद्र शर्मा पिता राम कुमार शर्मा उम्र 40 वर्ष साकिन वार्ड नं. 20 कोरवा पारा चाम्पा है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी विनोद गैस एजेंसी शंकर नगर ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी तहसील रोड में विनोद गैस एजेंसी एवं इलेक्ट्रिकल आइटम की दुकान है जहां से विगत दिनों पांच मंडल कॉपर वायर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी किया गया है । उक्त रिपोर्ट पर तत्काल थाना में अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा इसकी सूचना जिले की पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, एसडीओपी चापा यदुमणी सिदार को दिया गया जिस पर अधिकारियों द्वारा तत्काल अज्ञात आरोपी का पता तलाश कर कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुए ।

इसके परिपालन में थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में थाने से एक पुलिस टीम मौके की ओर रवाना किया गया पुलिस टीम के द्वारा प्रार्थी की दुकान तथा आस पास में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया जिसमें दुकान का एक कर्मचारी संदिग्ध हालत में दुकान के अंदर घूमते दिखा तथा दुकान में रखें 1 बंडल कॉपर वायर को चोरी करते दिखा जिसे पुलिस टीम के द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया । वह प्रारंभिक तौर पर पुलिस टीम को गुमराह करता रहा परंतु तकनीकी साक्ष्य के आधार पर बारिकी से पूछताछ करने पर अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर दुकान तथा गोदाम से 5 बंडल कॉपर वायर चोरी करने का अपराध घटित करना स्वीकार किया । चोरी किए गए कॉपर वायर को लायन्स चौक के पास स्थित मंगलम ट्रेडर्स के मालिक को बेचना बताये जिस पर पुलिस टीम के द्वारा मंगलम ट्रेडर्स को चेक किया गया तथा दूकान के मालिक नरेन्द्र शर्मा के कब्जे से चोरी गए 1 बंडल कॉपर वायर बरामद किया गया । आरोपी नरेंद्र शर्मा से चोरी गए कॉपर वायर के संबंध में पूछताछ किया गया जो नरेन्द्र शर्मा ने चोरी के पांच बंडल कॉपर वायर को खरीदना स्वीकार किया जिसमें से चार बंडल कॉपर वायर को 109000 रूपए में बेचना बताया नरेन्द्र शर्मा के कब्जे से 1 बंडल कॉपर वायर तथा बिक्री रकम 109000 रूपए तथा दोनों कर्मचारी आरोपियों के कब्जे से 4000 रूपए कुल 113000 रूपए को जप्त किया गया । तीनों आरोपियों के द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने से तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चापा,सहायक उप निरीक्षक अरुण सिंह, आरक्षक वीरेश सिंह, मुद्रिका दुबे, जय उराव, शंकर राजपूत, आकाश कलोसिया का विशेष योगदान रहा ।

## सिवनी निवासी शहीद रामशंकर पाण्डेय की शहादत को नमन करते हुए उनके प्रतीमा पर पुष्पांजली अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि



**जांजगीर चांपा /** पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस के निर्देशन में तथा चौकी नैला प्रभारी सावन कुमार सारथी के नेतृत्व में चौकी नैला पुलिस द्वारा शहीद रामशंकर पाण्डेय जिसका शहीद दिनांक 2 नवंबर 2007 को है, जिसके शहादत को नमन करते हुए आज दिनांक को उनके प्रतीमा पर फूल मला एवं पुष्पांजली अर्पीत कर श्रद्धाजंली दी गई। श्रद्धाजंली कार्यक्रम में ग्राम सिवनी के सरपंच रघुवीर बरेठ, गणमान्य नागरिक दिले राठौर, विकाश मिश्रा, संतोष राठौर, सुरेश यादव, राजू राठौर, संजय राठौर, रमेश यादव, बसंत राठौर, बंटी राठौर एवं चौकी नैला से सहायक उप निरीक्षक शेख सफी उल्लाह, प्रधान आरक्षक रूद्रनारायण कश्यप, प्रधान आरक्षक राधेश्याम पूर्णा, सतीष राणा, आरक्षक व्दारीका साहू उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण गौशाला नैला में 30 अक्टूबर गोपाष्टमी में कार्यक्रम आयोजित..........



**जांजगीर चांपा । श्री कृष्ण गौशाला नैला में गोपाष्टमी** पर 30 अक्टूबर गुरूवार को गौ माता की सेवा, गौ पूजा, गौ परिक्रमा का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश पालीवाल ने बताया कि श्री धर्म सेवा समिति द्वारा संचालित श्री कृष्ण गौशाला नैला में गोपाष्टमी पर्व के उपलक्ष्य पर 30 अक्टूबर की सुबह गौमाता की पूजा अर्चना का आयोजन किया गया है, जिसके बाद गौ सेवा एवं गौ माता की परिक्रमा की जायेगी । गोपाष्टमी के दिन गौमाता की पूजा के साथ आस्था एवं आकर्षण का केंन्द्र रहेगा। गोपाष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाने को लेकर पूरे गौशाला परिसर में विशेष साफसफाई कराने के बाद रंग रोगन कराया गया है । श्रीराम कृष्ण गौशाला समिति ने नगर एवं क्षेत्र के गौसेवको सहित नगरवासियों को श्री कृष्ण गौशाला पहुंचकर गौ पूजन करने के साथ ही गौसेवा, गौ परिक्रमा में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की है।

## कांग्रेस द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय का घेराव आज

**पामगढ़।** किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश के नेतृत्व में आज 29 अक्टूबर,दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे अनुविभागीय अधिकारी (रा) कार्यालय पामगढ़ का घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पामगढ़ के अध्यक्ष ठा. नवल सिंह ने बताया कि पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किसानो के धान खरीदी में रकबा कटौती एवं धान खरीदी पोर्टल एग्रीटेक किसान आई.डी. के पंजीयन में अनावश्यक विलंब के संबंध में शिकायतें प्राप्त हो रही है। जिससे किसानों को अनावश्यक परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी (रा) कार्यालय पामगढ़ का घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठ व विभाग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शामिल होने की अपील की गई है।

# शातिर महाठग के आरोपी को पकड़ने में सायबर टीम को मिली बड़ी सफलता

### आरोपी द्वारा जांजगीर -चाम्पा जिले के अलावा अन्य जिला में भी किया गया जा चुका है लोगो को ठगी एवं चोरी की घटना

### आरोपी से ठगी चोरी किये सोना, चांदी के जेवर एवं घटना में प्रयुक्त सफेद स्कूटी, मोबाइल जुमला कीमती 519930 रूपए की संपत्ति बरामद



**जांजगीर चांपा** /शातिर महाठगके आरोपी पंचराम निषाद को पकड़ने में सायबर पुलिस को बड़ी सफ्लता मिली है जिसके द्वारा जांजगीर चांपा जिले सहित अन्य जिलों में भी ठगी व चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है।घटना विवरण इस प्रकार है कि जिला जांजगीर चाम्पा के थाना बिर्रा के ग्राम नकटीडीह, थाना नवागढ के ग्राम राछाभांठा में सिलसिलेवार क्षतिग्रस्त एवं नये मकान को देखकर योजना बनाकर कम दाम में छड, सीमेंट, इंट बेचने के प्रलोभन देकर घर में उपस्थित सदस्य को घर से किसी बहाने बाहर ले जाकर कुछ दूर में छोडकर वापस उसी घर जाकर घर में उपस्थित सदस्य से घर में रखे रकम को सौदा हो गया तुम्हारे रिश्तेदार पैसा मंगाये है, कहकर घर में रखे संपूर्ण रकम को प्राप्त कर ठगी कर अथवा यदि मकान सुना होता तो घर मे रखे सोने चांदी के आभूषण को चोरी कर मौके से फरार हो जाता था। थाना बिर्रा एवं नवागढ में घटित अपराध के के आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। सिलेसिलेवार इस प्रकार की घटना होने से प्रकरणों की गंभीरता को देखते हुये संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक जांजगीर चाम्पा विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस द्वारा आरोपी की शीध्र पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के कुशल मार्ग दर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक योगिता खापर्डे के नेतृत्व में सायबर प्रभारी निरी. सागर पाठक एवं उसके टीम द्वारा तकनिकी आधार पर तथा आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरा का बारिकी से अवलोकन पर ज्ञात हुआ कि उपरोक्त सभी घटना को एक ही हुलिया का व्यक्ति अपना पहचान छिपाकर, बिना नम्बर प्लेट वाहन से अंजाम दे रहा है जिस पर आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर तैनात कर पतासाजी किया जा रहा था । मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि सरायपाली जिला महासमुंद निवासी पंचराम निषाद उर्फ पंचू अकेले ठगी एवं चोरी की घटना को अंजाम दिया है तथा लुकछिप तथा पहचान छिपाकर प्रतिदिन अपना ठिकाना बदल कर रहता है । उक्त सूचना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर प्राप्त मार्गदर्शन अनुसार संदेही को सायबर सेल जांजगीर टीम के द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को सरायपाली जिला महासमुंद से पकडकर पुलिस अभिरक्षा में लेकर चोरी ठगी की घटना के संबंध में मनोवैज्ञानिक तरीके एवं कडाई से पूछताछ करने पर आरोपी पंचराम निषाद उर्फ पंचू पिता गणेश राम निषाद के द्वारा जिला जांजगीर के थाना बिर्रा एवं नवागढ एवं सरहदी जिलो के अन्य थानो में अपराध घटित करना स्वीकार किया।

### जिला जांजगीर चांपा में घटित अपराध का विवरण /

1. थाना बिर्रा में दिनांक 9 जुलाई 25 के समय 10 बजे प्रार्थी बसंती बाई कैंवट ग्राम नकटीडीह में कम दाम में छड सीमेंट दिलाने का प्रलोभन देकर प्रार्थी को घर में बाहर लेकर कुछ दूर में छोडने के बाद घर में उपस्थित अन्य सदस्य को छड सीमेंट का सौदा हो गया बोलकर घर में रखे कुल 1,24,000 रूपए को प्रार्थी मंगवा रहा है कहकर रकम ठगी करना का अपराध घटित करने से थाना बिर्रा में अपराध क्र 84/25 धारा 318 (4) बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया गया था।

2. थाना नवागढ में दिनांक 5 अक्टूबर 25 के समय सुबह 10 बजे ग्राम राछाभांठा की प्रार्थिया कमलेश्वरी देवी श्रीवास अपने बच्चों के साथ रिश्तेदारी में गई थी, प्रार्थिया के पति सनत कुमार श्रीवास घर में बिमार अकेला था, तब आरोपी घर आकर प्रार्थिया के पति को कम दाम में गिटटी सस्ते में दिलाता हू। कहकर अपने स्कूटी में बैठाकर कुछ दूर ले जाकर छोडकर वापस प्रार्थिया के घर आकर घर में रखे सोने चांदी के जेवर एवं नगद चोरी करने का अपराध घटित करने से थाना नवागढ में अपराध क्र 438/25 धारा 303 (2) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया था। 3. थाना नवागढ में दिनांक 24 अक्टूबर 25 के समय सुबह 9.30 बजे ग्राम राछाभांठा की प्रार्थिया चंदौतीन कुर्रे घर में थी तभी आरोपी प्रार्थिया के घर सफेद रंग के स्कूटी में आया और बोला कि आप लोग नया घर बना रहें है मै सस्ते में सीमेंठ और छड दिला दुंगा करकर प्रलोभित कर अपने स्कूटी में बैठाकर कोटिया रोड खेत तरफ ले गया और चाभी लेकर आ रहा हूॅ। कहकर चला गया और प्रार्थिया जब वह पहले अपने घर आई देखी तो के घर अस्त वस्त पडा था चेक करने पर घर में रखे पांच फर की सोने की माला एवं 12000 नगद चोरी करने का अपराध घटित करने से थाना नवागढ में अपराध क्र 471/25 धारा 331 (3), 305 (ए) बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया गया था। **अन्य जिला के प्रकरण /**

आरोपी पंचराम निषाद उर्फपंचू पिता गणेश राम निषाद से पूछताछ पर यह भी ज्ञात हुआ कि सरहदी जिला के थाना बिलाईगढ में भी इसी प्रकार के तरीके वारदात से घटना को अंजाम दिया है, पूछताछ में प्रारंभिक तौर पर बताया कि दिनांक 14.09.25 प्रातः 09-10 बजे ग्राम मडकडी निवासी केशव प्रसाद केंवट को कम दाम में सीमेंट छड दिलाने के नाम से सोना चांदी जेवर चोरी करने का अपराध घटित करने से थाना बिलाईगढ में अपराध क्र 245/25 धारा 331(3), 305 (ए) बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया गया था। इसके अलावा राज्य भर में पूर्व में किए गए अपराधों की लंबी फेहरिस्त है।

# मड़वा पावर प्लांट क्षेत्र में तेंदुआ दिखने की बात पर वन विभाग की सतत निगरानी



**जांजगीर-चांपा** / विगत दिवस मड़वा पॉवर प्लांट परिसर के टॉवर क्रमांक 5 के समीप सुरक्षा गार्ड द्वारा एक ऐसे वन्यप्राणी का वीडियो रिकार्ड किया गया जो आकार एवं आकृति से तेन्दुए जैसा प्रतीत हो रहा था। प्राप्त सूचना पर जांजगीर चाम्पा व सक्ती वनमण्डल की संयुक्त टीम, एस.डी.ओ. (वन) जांजगीर के नेतृत्व में स्थल पर पहुंची एवं स्थल निरीक्षण किया गया।

वन मंडलाधिकारी ने बताया कि स्थल निरीक्षण एवं आसपास क्षेत्र में किए गए सघन सर्च ऑपरेशन के दौरान वर्तमान में किसी तेन्दुए की उपस्थिति नही पाई गई। तथापि, वन विभाग द्वारा एहतियातन सतर्कता के रूप में आसपास के ग्रामों जैसे मड़वा, तेन्दूभांठा, बसंतपुर, केनाभांठा, कर्रापाली एवं मदनपुर में मुनादी के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वृध्द्धजन एवं बालक-बालिकाएं प्रातःकालीन एवं सायंकालीन समय में अकेले बाहर न निकले तथा ग्रामीण रात्रि के समय खेतों में अकेले न सोएं। यदि किसी को तेन्दुए अथवा अन्य वन्यप्राणी के दिखने की जानकारी प्राप्त हो, तो कृपया तत्काल उड़दस्ता प्रभारी श्री टेकराज सिदार (मो.नं. 8223813383) को सूचित करें। वन विभाग स्थिति पर सतत् निगरानी रखे हुए है एवं आवश्यकतानुसार सभी सुरक्षा एवं जागरूकता उपाय किए जा रहे है।

विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया जाता है कि क्षेत्र में अनावश्यक अफ्वाहें फैलाने से बचे तथा विभाग के निर्देशों का पालन करें।

## ग्राम बिल्हरी में श्री महालक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा सोनहा बादर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

राजनांदगांव।

ग्राम बिलहरी में 25 अक्टूबर को श्री महालक्ष्मी उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में सोनहा बादर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश गांधी (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष), प्रशांत कोड़पे (जिला पंचायत सदस्य), श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा (जिलाध्यक्ष महिला मंच सिन्हा समाज), रामनाथ वर्मा, जयपाल सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा, सूरज कुमार कौशल (सरपंच), रतिराम वर्मा, हनुमान सिन्हा, पारस वर्मा, धनेश्वर पटेल, ठाकुर राम सिन्हा, एवं श्रीमती उषा शिवराम सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन आयोजक समिति के अध्यक्ष हरियंत सिन्हा, उपाध्यक्ष रुक्मगज सिन्हा, जगेंद्र सिन्हा, योगेश सिन्हा, राजेश सिन्हा एवं समस्त सदस्यगणों के सहयोग से किया गया। सांस्कृतिक संध्या में ग्रामीण कलाकारों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक गीत-संगीत एवं नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अतिथियों का उद्बोधन

मुख्य अतिथि दिनेश गांधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकजुट करने का माध्यम हैं। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच देने से नई पीढ़ी अपनी परंपराओं से जुड़ी रहती है। प्रशांत कोड़पे ने कहा कि गांव की संस्कृति और लोककला हमारी पहचान है, जिसे संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## जनदर्शन में आये 38 आवेदन पत्रों की हुई सुनवाई

### कलेक्टर ने अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई के दिए निर्देश



**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों को गंभीरता से सुना। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में आज तहसील अकलतरा के ग्राम अमरताल निवासी श्रीमती ललिता देवी दिवाकर द्वारा मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता राशि दिलाने, तहसील सारागांव अंतर्गत ग्राम चोरिया निवासी श्री गोपाल प्रसाद साहू द्वारा फौती नामांतरण करवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जनदर्शन में राशन कार्ड बनवाने, सीमाकंन कराने, पट्टा दिलाने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने सहित अन्य विषयों से संबंधित कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए।

कार्यालय कलेक्टर (आबकारी), जिला धमतरी (छ.ग.)

क्रमांक/आब./निविदा/2025/1189 धमतरी, दिनांक 16/10/2025

// भवन किराया निविदा सूचना //

धमतरी जिले में संचालित विदेशी मदिरा दुकान सुन्दरगंज को नवीन स्थल पर स्थानांतरण कर नवीन नाम विदेशी मदिरा दुकान कम्पोजिट नारी के नाम से संचालित किया जाना है तथा विदेशी मदिरा दुकान कम्पोजिट मगरलोड को संचालित स्थल से स्थानांतरण किया जाना है, उक्त नवीन स्थल में भवन/दुकान का निविदा प्रकिया एवं चयन प्रकिया सम्पन्न कराने हेतु मुहर वंद निविदा आमंत्रित की जाती है। अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से रुपये 1000/– (अक्षरी – एक हजार रुपये) का चालान जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। जिला प्रवंधक, सी.एस.एम.सी.एल., जिला– धमतरी के नाम से रूपये 10,000/– (अक्षरी – दस हजार रुपये) मूल्य की सुरक्षा निधि तकनीकी बिड के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि | :– | 17/10/2025 से 28/10/2025 तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 31/10/2025 समय दोपहर 02.00 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि | :– | 31/10/2025 समय दोपहर 04.00 बजे |

स्थान :– कक्ष क्रमांक 44 कलेक्टोरेट धमतरी

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जिला आबकारी अधिकारी
जिला –धमतरी (छ.ग.)

G-252604345/2

खास खबर

## नक्सलियों का तांडव, पुलिस मुखबिरी के शक में दो ग्रामीणों की बेरहमी से हत्या

कांकेर, बस्तर संभाग में नक्सली वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला कांकेर जिले के उसूर ब्लॉक के नेल्ला कांकेर गांव का है, जहां नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल मौके के लिए रवाना हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान रवि कट्टम और रवि सोढ़ी के रूप में हुई है। दोनों युवक इसी गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने दोनों पर पुलिस को सूचना देने का आरोप लगाते हुए यह वारदात अंजाम दी।

एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा बलों की टीम मौके के लिए रवाना की गई है और फिलहाल पूरे मामले की जांच व तस्दीक जारी है। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है, जबकि पुलिस ने क्षेत्र में सर्चिंग ऑपरेशन तेज कर दिया है ताकि आरोपित नक्सलियों की तलाश की जा सके।

## अमृत स्टेशन के निर्माण कार्य और लोगों से अमृत संवाद करने पहुंचे रेलवे अधिकारी

भिलाई। भिलाई के पावर हाउस में बन रहे अमृत स्टेशन के निर्माण कार्य और लोगों से अमृत संवाद करने आज रेलवे के अधिकारी पहुंचे। रेलवे के कामर्शियल मैनेजर शेष नारायण पांडेय ने पहले रेलवे सलाहकार समिति के लोगों और पब्लिक से चर्चा की। उन्होंने स्टेशन की स्वच्छता, स्टेशन के बाहर पार्किंग, निर्माण कार्य को भी देखा। इस मौके पर पब्लिक ने पावर हाउस स्टेशन कागजों में स्टॉपेज होने की वजह से कई एक्सप्रेस और सुपरफास्ट गाड़ियों के स्टॉपेज नहीं की वजह से होने वाली दिक्कतों को बताया। वही उन्होंने कुछ ट्रेन को रायपुर या बिलासपुर से संचालित करने की बजाए दुर्ग स्टार्ट करने की मांग की। इस मौके पर आरपीएफके इंस्पेक्टर मनीष कुमार सहित पावर हाउस रेलवे स्टेशन के स्टॉफ मौजूद थे।

## पटाखा से बच्चे के चेहरे और हाँथ में लगी आग, उपचार जारी

दुर्ग, । दुर्ग से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है जहां 21 अक्टूबर के दिन का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है वीडियो में दीपक नगर में रहने वाला अभिषेक यादव नामक 13 साल का एक बच्चा पटाखा जला रहा था तभी अचानक पटाखा फूट गया और अभिषेक यादव का चेहरा और उसका हाथ बुरी तरह झुलस गया अचानक पटाखा फूट जाने से आस पास खड़े लोग भी कुछ समझ नही पाए लेकिन जब अभिषेक के चेहरे में आग की लपट दिखाई दी तब पड़ोसियों ने उसके घर वालो को आवाज दी झूलसे हुए अभिषेक यादव को जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज जारी है।

# कांग्रेस नेता के ऑफिस में चली दनादन गोली: दो जख्मी, नकाबपोश बाइक सवारों ने चलाई...

एजेंसी

बिलासपुर के मस्तूरी में गोली कांड की घटना घट गई। शाम लगभग 6:00 बजे एक दफ्तर में गोली कांड की घटना को अंजाम दिया गया। गोलीबारी में दो लोग गोली लगने से घायल हो गए हैं। वही हमलावर गोली चलाकर मौके से फरार हो गए। मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र का है।

मस्तूरी में मस्तूरी मुख्य मार्ग पर नहर किनारे तिवारी होटल के सामने ठाकुर ब्रदर्स का ऑफिस है। इस ऑफिस का संचालन टुकेश सिंह तमेंश सिंह करते है। आज शाम को 6:00 बजे ऑफिस के बाहर कुछ लोग कुर्सियां लगा कर बैठे थे। इसी दौरान दो नकाबपोश बिना नंबर की बाइक से आए और दनादन तीन-चार गोलियां ऑफिस के बाहर बैठे लोगों पर चला दी। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी मुलमुला की तरफ से आए थे और गोली चलाकर बिलासपुर की तरफ फरार हो गए। गोली लगने से ऑफिस के सामने बैठे चंद्रकांत सिंह और राजू सिंह घायल हो गए। चंद्रकांत सिंह के हाथ में वही राजू सिंह के जांघ में गोली लगी। घटना के बाद मौके पर खून फैल गया और गोली चलने के बाद खाली खोखे भी गिरे। घायलों को तत्काल बिलासपुर के अपोलो अस्पताल लाया गया। यहां पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह पहुंचे और घटना स्थल पर एडिशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा को तत्काल रवाना किया। पुलिस ने चारों तरफ घेरे बंदी कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।





## स्व.बनवारी लाल के पगड़ी रस्म आज, शामिल होंगे मुख्यमंत्री, संगठन मंत्री

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष, कटघोरा के पूर्व विधायक, एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे स्वर्गीय बनवारी लाल अग्रवाल के निधन पर बारहवीं एवं पगड़ी रसम कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार पगड़ी रस्म 27 अक्टूबर को दोपहर 4 बजे अग्रसेन भवन, कोरबा में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नागरिकजन उपस्थित होकर अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### कोरबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों की दबंगई,

# मरीज के परिजनों से की मारपीट, शिकायत दर्ज

कोरबा संवाददाता।

जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों द्वारा मरीज के परिजनों से मारपीट का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात गार्डों ने एक मरीज की पत्नी के साथ बदसलूकी की और बीच-बचाव करने आए मरीज को भी घायल कर दिया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, 55 वर्षीय कालीचरण बंजारे और उनकी बेटी पिछले कुछ दिनों से बीमार हैं और अस्पताल के पुरुष एवं महिला वार्ड में अलग-अलग भर्ती हैं। उनकी देखरेख कर रही पत्नी ऋषि बंजारे दोनों वार्डों के बीच आ-जा रही थीं। इसी दौरान ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया और कथित तौर पर उनसे धक्का-मुक्की व मारपीट की।

पीड़ित परिवार के बेटे आयुष बंजारे ने बताया कि उनकी मां को अपनी बहन की तबीयत खराब होने के कारण ऊपर-नीचे आना पड़ रहा था, जिसकी जानकारी गार्डों को पहले ही दी गई थी। इसके बावजूद गार्डों ने विवाद शुरू कर दिया और उनकी मां के बाल खींचते हुए हाथापाई की। शोर सुनकर कालीचरण बीच-बचाव करने पहुंचे, तो गार्डों ने उनके हाथ में लगी नीडल खींच दी, जिससे खून बहने लगा। घटना के बाद उनकी पत्नी का ब्लड प्रेशर बढ़ गया और उन्हें भी इलाज की जरूरत पड़ी।





परिजनों का कहना है कि सुरक्षाकर्मियों को स्थिति को समझना चाहिए था, न कि हिंसक व्यवहार करना चाहिए था। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और पुलिस से शिकायत कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

घटना में शामिल सुरक्षाकर्मी कामथेंन कंपनी के बताए जा रहे हैं। कंपनी में करीब 100 कर्मचारी कार्यरत हैं और करोड़ों रुपये का टेंडर शामिल है। इस मामले में जब कंपनी के अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि वे छुट्टी पर हैं और सुपरवाइजर से बात करने को कहा।

गौरतलब है कि जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में यह पहली बार नहीं है जब सुरक्षाकर्मियों द्वारा मरीजों या परिजनों के साथ दुर्व्यवहार का मामला सामने आया हो। स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने और ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## कोरबा पुलिस ने छठ पर्व पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए जारी किए निर्देश

कोरबा संवाददाता।

जिला प्रशासन और पुलिस ने छठ पर्व के अवसर पर नगरवासियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। प्रमुख छठ घाटों का सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, रंग-रोगन, लाइटिंग और वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सुगमता से पूजा-अर्चना कर सकें।

कोरबा पुलिस ने इस अवसर पर पर्याप्त पुलिस बल, यातायात बल और गोताखोर तैनात किए हैं। बड़े छठ घाटों पर पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां से समय-समय पर सुरक्षा संबंधित निर्देश जारी किए जाएंगे।

पुलिस ने नगरवासियों से विशेष अपील की है कि वेः-

छठ पूजा के दौरान गहरे पानी वाले तालाब और नदी घाटों में न जाएँ।

छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान दें। वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थानों पर ही खड़ा करें और पूजा घाट के रास्तों में वाहन न रोकें।

उठाईगिरी और जेबकतरो से सतर्क रहें।

साथ ही, यातायात व्यवस्था के संबंध में भारी वाहनों के लिए विशेष निर्देश भी जारी किए गए हैंः-

27 अक्टूबर 2025ः दोपहर 3 बजे से शाम 8 बजे तक।

28 अक्टूबर 2025ः प्रातः 3 बजे से सुबह 8 बजे तक।

इन समयों में कोरबा, बालको, दर्री, दीपका, कुसमुंडा और हरदीबाजार नगर क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## शक के चलते पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर,** जिले के कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम शिवतराई में घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। चरित्र को लेकर संदेह के चलते पति ने पत्नी पर टंगिया से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना 25 अक्टूबर की सुबह की है। प्रार्थी रामचरण पोर्ते ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी नांदबाई मरावी का उसके पति राजेश कुमार मरावी (40 वर्ष) के साथ चरित्र शंका को लेकर झगड़ा हो रहा था। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने टंगिया और चाकू से पत्नी पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल नांदबाई को तुरंत रायपुर के डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोटा पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी राजेश कुमार मरावी, पिता चैतराम मरावी को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में दुख और आक्रोश का माहौल है।

# बिलासपुर में धर्मांतरण का मामला, 6 गिरफ्तार

एजेंसी

**बिलासपुर,** जिले के मस्तूरी थाना क्षेत्र के हिर्री गांव में धर्मांतरण के मामले ने एक बार फिर विवाद को हवा दे दी है। गांव के एक खाली मकान में सोमवार को प्रार्थना सभा के नाम पर बैठक रखी गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए थे। हिंदू संगठनों का आरोप है कि इस सभा के दौरान लोगों को बहला-फुसलाकर धर्म बदलने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। सूचना मिलते ही मस्तूरी पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से पति-पत्नी समेत छह लोगों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोरेलाल टंडन और उनकी पत्नी सद्रोहा टंडन सहित अन्य चार लोगों के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, हिर्री गांव के इस सूने मकान में करीब 70 लोग



एकत्र हुए थे। बताया जा रहा है कि यहां आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कहानियां सुनाकर और प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रभावित किया जा रहा था। इसी दौरान हिंदू संगठन के कार्यकर्ता पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना से संबंधित एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पुलिस के पहुंचने पर बड़ी संख्या में लोग घर से बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में धर्म स्वातंर्त्य अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस मामले में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# पीएम श्री विद्यालय बनने के बाद विद्यालय में आए सकारात्मक परिवर्तन

### पीएम श्री विद्यालय बनने के बाद विद्यालय में आए सकारात्मक परिवर्तन

### पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला बुढ़ार, बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया

रायपुर, संवाददाता

पीएम श्री विद्यालय योजना के अंतर्गत पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला बुढ़ार के चयन के बाद विद्यालय में अनेक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिले हैं। विद्यालय का वातावरण अब अधिक अनुशासित, बेहतर और तकनीकी रूप से सशक्त बन चुका है। विद्यालय में स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल कक्षाओं की स्थापना से शिक्षण प्रक्रिया में आधुनिकता आई है। विद्यार्थी अब वीडियो, चित्र और इंटरैक्टिव माध्यमों से विषयों को आसानी से समझ रहे हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास और सीखने की रुचि बढ़ी है।

विद्यालय परिसर में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना ने विद्यालय को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया है तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरक कदम सिद्ध हुआ है। ग्रीन स्कूल के तहत विद्यालय परिपर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए जिससे




विद्यालय का वातावरण हरा-भरा सुसज्जित हुआ। विद्यालय में योग शिक्षक की नियुक्ति के बाद विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। योगाभ्यास से बच्चों में एकाग्रता, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास हुआ है। ग्रीष्मावकाश के दौरान समर कैम्प तथा शीतकाल में विंटर कैम्प के आयोजन से बच्चों को कला, खेल, विज्ञान, संगीत और व्यक्तित्व विकास से जुड़ने के अवसर प्राप्त हुए हैं। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन एवं संगीत सामग्री की उपलब्धता से विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिला है। मंच पर प्रस्तुति देने से बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ है।

विद्यालय में भौतिक संसाधनों में वृद्धि होने से विद्यार्थियों को बहुत सारी सुविधाएं मिली है बच्चो को पीने के लिए शुद्ध व शीतल जल की उपलब्धता हुई है। बबजअ कैमरे लगने से विद्यालय की व विद्यार्थियों की सुरक्षा और भी अधिक मजबूत हुई है, जिससे पालको में निश्चिन्तता आई है और पालको का विश्वास बड़ा है। इन सभी प्रयासों से विद्यालय का वातावरण जीवंत, प्रेरणादायक और तकनीकी दृष्टि से समृद्ध बन गया है। पीएम श्री योजना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बुढ़ार अब वास्तव में एक ÷आदर्श एवं मॉडल विद्यालय÷ के रूप में उभर रही है, जहाँ शिक्षा के साथ संस्कार, सृजनशीलता और आत्मनिर्भरता का समन्वय होता है।

इसके साथ निजी विद्यालयों से बच्चो का पलायन पीएम श्री विद्यालय की ओर भी हो रहा है जो सबसे सुखद पहलू है।

## न्यू राजस्व कॉलोनी के दो घरों पर चोरों ने दिया चोरी की वारदात को अंजाम

**कोरबा,** । अज्ञात चोरों ने न्यू राजस्व कॉलोनी में जिला न्यायालय के सहायक लेखापाल के घर पर धावा बोलकर चोरी को अंजाम दिया है। खनिज विभाग में पदस्थ माईनिंग इंस्पेक्टर की घर पर भी चोरों ने धावा बोला और नगदी सहित कई सामानों पर हाथ साफकर दिया। दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक राकेश कुमार पाण्डेय पिता भागवत प्रसाद पाण्डेय 45 वर्ष श्रछ्ळ-01 न्यू राजस्व कॉलोनी रामपुर ने निवासरत व कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोरबा में सहायक लेखापाल के पद पर कार्यरत है। वह 19 अक्टूबर को दीपावली त्यौहार मनाने ग्राम भिलाई बाजार कुसमुण्डा गया था। 22 अक्टूबर को शाम लगभग 7 बजे घर वापस आया तो पता चला कि पीछे का दरवाजा का कुण्डी को तोड़ कर अंदर आलमारी एवं दीवान में रखे कपड़ा एवं सलोरा कंपनी का टीव्ही, नगदी रकम 25000 रूपये को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया है। शासकीय आवास से लगभग 55,000 रू. की चोरी के मामले में

राकेश कुमार पाण्डेय की रिपोर्ट पर धारा 305(ए), 331(1) बीएनएस के तहत अज्ञात चोरों के विरुद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

एक अन्य वारदात में माईनिंग इंस्पेक्टर खिलावन कुलार्य के परी कुंज डिंगापुर स्थित किराए के मकान में 19 अक्टूबर को दोपहर लगभग 12 बजे से 21 अक्टूबर की शाम लगभग 6 बजे के मध्य चोरी को अंजाम दिया गया।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)